Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 188 | गुरूवार, 10 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## राष्ट्रपति से मुलाकात, संसद में संबोधन...

# ब्राजील के बाद नामीबिया पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी

**विंदहोक।**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह नमीबिया की राजधानी विंदहोक में पहुंचे। उनका यहां शानदार स्वागत हुआ। ये उनका नमीबिया का पहला दौरा है और भारत के किसी प्रधानमंत्री का तीसरा दौरा है।

होशिया कुटाको इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का रस्मी स्वागत किया गया। इस दौरे में वो राष्ट्रपति नांदी-नदैत्वाह के साथ अहम बातचीत करेंगे और नमीबिया के पहले राष्ट्रपति और बानी स्वर्गीय डॉ. सैम नुजोमा को श्रद्धांजलि पेश करेंगे। इसके अलावा वो नमीबिया की पार्लियामेंट को संबोधित भी करेंगे।



विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक, पीएम मोदी का ये दौरा भारत और नमीबिया के गहरे और पुराने रिश्तों को और मजबूत करेगा। ये दौरा नमीबिया के साथ भारत की दोस्ती को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। पीएम मोदी के दौरे को लेकर नामीबिया में भारत के उच्चायुक्त राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि भारत, नामीबिया से यूरेनियम आयात करने पर विचार कर रहा है। साथ ही नामीबिया में जो हाल ही में तेल और गैस की खोज हुई है, उसमें भी भारत सरकार की रुचि है। भारतीय उच्चायुक्त ने कहा कि भारत की नामीबिया के महत्वपूर्ण खनिजों में भी रुचि है। दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक रूप से अच्छे संबंध रहे हैं। इससे पहले, पीएम मोदी ने ब्राजील में दो दिन का सरकारी दौरा पूरा किया, जहां उन्होंने 17वें ब्रिक्स समिट में हिस्सा लिया और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ बातचीत की।

## मस्क की कंपनी का जारी हुआ लाइसेंस

# भारत में स्टारलिंक की सेवाएं शुरू करने की मिली परमिशन


**नई दिल्ली।**




भारत के अंतरिक्ष नियामक इन-स्पेस ने अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क द्वारा संचालित स्टारलिंक को देश में उपग्रह-आधारित इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए लाइसेंस जारी कर दिया है। इससे कंपनी के लिए भारतीय बाजार में प्रवेश करने की नियामकीय बाधा दूर हो गई है। स्टारलिंक की सेवाओं से भारत में बिना मोबाइल टावर के भी कॉलिंग और कनेक्टिविटी की सुविधा संभव हो सकेगी। इससे ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा मिलेगी।

भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) ने एक बयान में कहा कि स्टारलिंक को उपग्रहों के समूह यानी 'स्टारलिंक जेन1' की व्यवस्था करने की मंजूरी दी गई है। इससे यह कंपनी भारत में उपग्रह आधारित संचार सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हो सकेगी। यह मंजूरी आठ जुलाई से पांच साल की अवधि के लिए या 'जेन1' समूह के परिचालन की समाप्ति तक (जो भी पहले हो) के लिए वैध है। रॉयटर्स के अनुसार, एलन मस्क की कंपनी 2022 से भारत में व्यावसायिक रूप से परिचालन के लिए लाइसेंस का इंतजार कर रही थी। पिछले महीने इसे भारत के दूरसंचार मंत्रालय से लांचिंग के लिए लाइसेंस मिला, लेकिन वह अंतरिक्ष नियामक से हरी झंडी मिलने का इंतजार कर रही थी। स्टारलिंक को अब सरकार से स्पेक्ट्रम हासिल करना होगा, जमीनी स्तर पर बुनियादी ढांचा स्थापित करना होगा तथा परीक्षण के माध्यम से यह प्रदर्शित करना होगा कि वह उन सुरक्षा नियमों को पूरा करती है, जिनके लिए उसने सहमति दी है।

## वकीलों को समन भेजने पर जांच एजेंसियों से नाराज सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** जांच एजेंसियों और पुलिस द्वारा आरोपियों के वकीलों को नोटिस और सम्मन भेज कर बुलाने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर मामला शुरू किया है। कोर्ट ने 14 जुलाई को प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ में केस सुनवाई के लिए लगाया है। पीठ में जस्टिस के. विनोद चंद्रन और एनवी अंजारिया भी शामिल होंगे। आरोपियों को सलाह देने वाले वकीलों को जांच एजेंसियों द्वारा सम्मन या नोटिस भेजने का ये मामला उस समय उठा था जब गत जून में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील अरविंद दत्तार और प्रताप वेणुगोपाल को सम्मन भेजा था।

## अमरनाथ यात्रा के लिए सात दिनों में तीर्थयात्रियों की संख्या एक लाख पार

**जम्मू।** देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु भारी संख्या में यात्रा के लिए जम्मू पहुंच रहे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि हजारों की संख्या में श्रद्धालु सीधे कश्मीर से अपनी यात्रा शुरू कर रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी अमरनाथ यात्रा में हिमालय पर्वतों पर चढ़कर गुफा मंदिर में दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि देखी जा रही है। केवल सात दिनों में ही यह संख्या एक लाख यात्रियों को पार कर गई है। इस साल की यात्रा में अब तक की सबसे बड़ी सैन्य तैनाती है, क्योंकि यह पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद हो रही है। घाटी पहले से ही सुरक्षा बलों से भरी होने के बावजूद, यात्रा ड्यूटी के लिए अर्धसैनिक बलों की लगभग 600 अतिरिक्त कंपनियां तैनात की गई हैं।

# दिल्ली-यूपी में जमकर हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित

**नई दिल्ली।**

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बुधवार को लगातार बारिश के कारण यातायात और उड़ान संचालन प्रभावित हुआ। भारी बारिश के कारण दिल्ली एनसीआर के क्षेत्र गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और नोएडा आदि में जगह जगह जलभराव हो गया। जिस वजह से लोगों को काफी परेशानी हुई। वहीं मौसम विभाग ने आज भी दिल्ली एनसीआर समेत यूपी के कई जिलों में भारी बारिश की आशंका जताई है। उत्तर पंजाब, उत्तर हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कुछ भागों, पश्चिम मध्य प्रदेश, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, केरल, अंडमान व निकोबार द्वीप समूह



और पूर्वोत्तर भारत में हल्की से मध्यम वर्षा संभव है। विदर्भ, तटीय कर्नाटक, कोंकण व गोवा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में हल्की से मध्यम वर्षा के साथ एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में खराब मौसम के कारण बुधवार शाम छह विमानों को जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया। जानकारी के अनुसार गोवा से दिल्ली जा रहा अकासा एयरलाइंस का विमान क्यूपी 1629, एअर इंडिया का भुज से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाला विमान एआइ-814 और कोलकाता से दिल्ली के लिए रवाना हुआ विमान एआइ-2768 को भी जयपुर में उतारा गया। इन विमानों को देर रात तक मौसम साफ होने की प्रतीक्षा में जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़ा रखा गया। शाम को सात बजे अत्यधिक वर्षा का रेड अलर्ट जारी कर दिया गया। हैरत की बात यह भी कि रेड अलर्ट जारी होने से पूर्व ही विभिन्न इलाकों में तेज वर्षा शुरू हो गई थी। रेड अलर्ट जारी हो जाने के बाद वर्षा की तीव्रता उल्टे कम हो गई।

## ट्रंप ने सात और देशों पर फोड़ा टैरिफ बम

# इराक और अल्जीरिया पर 30% तो फिलीपींस पर लगाया 20% शुल्क

**नई दिल्ली।**

अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा भारत ट्रंप प्रशासन की ओर से बुधवार को जारी किए गए टैरिफ पत्रों की सूची में शामिल नहीं है। इस फैसले से भारतीय निर्यातकों को राहत मिलेगी, क्योंकि दोनों देश वर्तमान में व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं। अमेरिका ने अब तक लगभग



21 देशों को टैरिफ से जुड़े पत्र जारी किए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को अल्जीरिया, ब्रुनेई, इराक, लीबिया, मोल्दोवा, श्रीलंका और फिलीपींस को 30 फीसदी तक टैरिफ को लेकर पत्र जारी किए। इनमें अल्जीरिया, इराक, लीबिया और श्रीलंका पर 30-30 फीसदी, ब्रुनेई और मोल्दोवा पर 25 फीसदी व फिलीपीन पर 20 फीसदी टैरिफ लगाने का जिक्र है। डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले सोमवार को कई देशों को टैरिफ वाले पत्र भेजे थे। ये सभी टैरिफ 1 अगस्त से लागू होंगे।



# राजस्थान के चूरू में लड़ाकू विमान 'जगुआर' क्रैश, दो पायलटों की मौत

**जयपुर।**

राजस्थान के चुरू में बड़ा विमान हादसा हो गया है। रतनगढ़ में अचानक वायुसेना का एक फाइटर प्लेन क्रैश हो गया। यह हादसा भानुदा गांव में देखने को मिला है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, इस हादसे में 2 पायलटों की मौत हो गई है। प्लेन क्रैश के बाद आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई है। प्लेन क्रैश की सूचना मिलते ही राजलदेसर पुलिस थाने का एक दल भी मौके पर रवाना किया गया था। भारतीय वायुसेना ने भी इस हादसे की पुष्टि कर दी है। कअत्र के अनुसार, यह हादसा रूटीन ट्रेनिंग मिशन के दौरान हुआ, जब चुरू के पास सेना का जगुआर एअरक्राफ्ट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे की वजह अभी सामने नहीं आई है। हादसे पर कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए गए हैं। वायुसेना के इस लड़ाकू विमान ने सूरतगढ़ से उड़ान भरी थी। विमान में 2 पायलट मौजूद थे, जिनकी जान चली गई है। हालांकि, रतनगढ़ के पास विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### रक्षा सूत्रों ने दी जानकारी

समाचार एजेंसी एएनआई ने रक्षा सूत्रों के हवाले से घटना की जानकारी दी। इसके अनुसार, हादसे का शिकार हुआ विमान भातीय वायुसेना का जगुआर फाइटर प्लेन था। हादसे की वजह का पता लगाया जा रहा है।

# बेअसर रही ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल



**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार की श्रम नीतियों के विरोध में कई ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल के कारण देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य जनजीवन प्रभावित नहीं हुआ। बंगाल से हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाएं सामने आई हैं। लेकिन ट्रेड यूनियनों ने दावा किया कि हड़ताल सफल रही और बड़ी संख्या में कर्मचारी काम पर नहीं आए, जिससे डाक, बैंकिंग, बीमा और खनन क्षेत्र प्रभावित हुए। राष्ट्रव्यापी हड़ताल कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रही। लेकिन बंगाल के विभिन्न हिस्सों में वामपंथी कार्यकताओं, पुलिस और तृणमूल कांग्रेस समर्थकों के बीच झड़प के बाद हिंसा की खबरें आईं। दस ट्रेड यूनियनों के एक मंच ने अपने बयान में कहा कि देश के कई इलाकों, जैसे- पुडुचेरी, असम, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, पंजाब, केरल, बंगाल, ओडिशा, कर्नाटक, गोवा, मेघालय और मणिपुर आदि में बंद जैसी स्थिति रही। राजस्थान, हरियाणा, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कई हिस्सों में भी आंशिक बंद की खबरें मिलीं। इसमें कहा गया है कि मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और गुजरात में औद्योगिक एवं सेक्टरों की हड़तालें हुईं।

### बंगाल में छिटपुट हिंसा

## श्रावणी मेला देवघर का आज से शुभारंभ

# बाबाधाम आकर महादेव का जलाभिषेक करेंगे लाखों शिवभक्त

**रांची।**

झारखंड के देवघर में आज से श्रावणी मेले का शुभारंभ होगा। पूरे राज्य के अलावा देश के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले शिवभक्त महादेव का जलाभिषेक करेंगे। लाखों शिवभक्तों के लिए बाबाधाम में जिला प्रशासन ने पुख्ता सुरक्षा बंदोबस्त किए हैं। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का उद्घाटन 10 जुलाई गुरुवार को सुबह दस बजे दुम्मा मुख्यद्वार से होगा। इसकी तैयारी को लेकर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जानकारी दी है। डीसी ने बताया कि मंत्री सुदिव्य कुमार की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई, जिसमें जिसमें विभागीय सचिव भी शामिल हुए। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभागों को उनके कार्यों को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुविधा-संपन्न व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। राजकीय श्रावणी मेला का उद्घाटन समारोह में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार के साथ ग्रामीण विकास मंत्री संजय प्रसाद यादव, खाद्य आपूर्ति मंत्री दीपिका पांडे सिंह, सांसद डॉ. निशिकांत दुबे, सांसद नलिन सोरेन, विधायक सुरेश पासवान, विधायक उदय शंकर सिंह और विधायक देवेंद्र कुंवर भी शामिल होंगे।



## संपादक की कलम से

# ई-कॉमर्स के जरिए आतंकवाद

आतंकवाद पर एक सनसनीखेज खुलासा सामने आया है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (फाट्फ) की एक रपट में यह चौंकाने वाला आयाम बेनकाब हुआ है कि अमेजन जैसे ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन, सोशल मीडिया के जरिए आतंकवाद की फंडिंग की जाती रही है। आतंकियों ने अमेजन प्लेटफॉर्म के जरिए ऐसा विस्फोटक हासिल किया, जिसने पुलवामा, 2019 के आतंकी हमले को और भी तीक्ष्ण बना दिया। नतीजतन सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हुए थे। यह हमला पाकिस्तान स्थित जैश–ए–मुहम्मद के आतंकियों ने किया था, यह निष्कर्ष विभिन्न जांच–रपटों के जरिए सार्वजनिक हो चुका है। फाट्फ की रपट में यह भी सामने आया है कि पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए यह कहा गया है कि किसी की आर्थिक मदद के बिना यह हमला संभव नहीं था। यह हमला लश्कर–ए–तैयबा के मुखौटा संगठन टीआरएफ के आतंकियों ने किया था। यह वैश्विक तथ्य है कि लश्कर और उसका सरगना हाफिज सईद पाकिस्तान में ही है। फाट्फ ने यह भी दावा किया है कि 2022 में उप्र के गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को पेमेंट पेपाल ऐप से किया गया था।



ललित शर्मा
संपादक

फाट्फ ने इन दोनों हमलों को रपट में एक उदाहरण के तौर पर शामिल किया है। जब यह हकीकत बेनकाब हो चुकी है कि ई–कॉमर्स, ऐप, सोशल मीडिया के जरिए जिन आतंकी समूहों ने आर्थिक मदद प्राप्त की थी और वे पाकिस्तान में ही सक्रिय हैं, तो फाट्फ ने रपट में पाकिस्तान का नाम क्यों नहीं लिया? फाट्फ पहले भी 2–3 बार पाकिस्तान को ग्रे सूची में डाल चुका है। अब भारत लगातार यह आग्रह कर रहा है कि पाकिस्तान न केवल आतंकियों को पनाह देता है, बल्कि फंडिंग के लिए हुकूमत की एजेंसियां भी आतंकियों की मदद करती रही हैं, तो फाट्फ पाकिस्तान की जांच कर उसे ग्रे सूची में डालने से क्यों हिचक रहा है? ग्रे सूची के बजाय अब पाकिस्तान को काली सूची में डाल दिया जाना चाहिए। फाट्फ को भारत ने और अन्य देशों ने पर्याप्त साक्ष्य दिए हैं। पाकिस्तान में आतंकवाद खुला खेल है। वहां के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो लगातार बयान दे रहे हैं कि यदि भारत सहयोग करे, तो पाकिस्तान मसूद अजहर और हाफिज सईद जैसे आतंकियों को भारत को सौंप सकता है। बिलावल सत्तारूढ़ गठबंधन के चेयरमैन हैं। फाट्फ इसे भी आधार बना कर कार्रवाई कर सकता है। रपट में यह भी गौरतलब है कि अमेजन का इस्तेमाल न केवल सामान खरीदने, बल्कि बेचने के लिए भी किया जा रहा है। आतंकी कम कीमत वाले सामान बेचकर और दान मांग कर फंड जुटा रहे हैं। ट्रेड बेस्ड मनी लॉन्ड्रिंग स्कीम के तहत एक व्यक्ति सामान खरीद कर अपने साथी को भेजता है, जो उसे दूसरे देश में बेच कर पैसे जुटाता है। फाट्फ ने अपने अध्ययन में पाया है कि आतंकी ऐसे प्लेटफॉर्म और ओपन मार्केट प्लेस से हथियार, रसायन और थ्रीडी प्रिंटिंग सामग्री खरीद रहे हैं। आतंकवाद इतना अहम सरोकार है कि प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान उठाया और साझा बयान में इसे शामिल कराया। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में क्रोएशिया, घाना, त्रिनिडाड एंड टोबैगो, अर्जेन्टीना, ब्राजील के प्रवासों के दौरान आतंकवाद पर विश्व–मत तैयार करने की कोशिश की। ब्रिक्स ने पहलगाम नरसंहार पर निंदा प्रस्ताव भी पारित किया। अब यह ब्रिक्स देशों के लिए नीतिगत सरोकार है कि वे हर स्तर के आतंकवाद का विरोध करें। आतंकवाद को सिर्फ हमला करने वाले आतंकियों तक ही सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि उन्हें पनाह देने वाले, फंडिंग करने वाले, प्रायोजक देश भी आतंकवाद की परिधि में माने जाएंगे, लिहाजा उन्हें न्याय के कठघरे तक घसीट कर लाना होगा।


## नोबेल शांति पुरस्कार की चाहत, ट्रंप का गुणा भाग उतावलापन- शांति स्थापित करने के दावों का ठोस सबूत नहीं

# नोबेल शांति पुरस्कार अभी 2025 की घोषणा हुई नहीं परंतु 2026 के लिए दावेदारी का कार्ड शुरू



गोंदिया





वैश्विक स्तरपर कुछ वर्षों से सारी दुनियाँ देख रही है की विशेष रूप से राजनीतिक वजन रखने वाले व्यक्ति अपने उस राजनीतिक वजन को बढ़ाने व मजबूत करने विश्व के सबसे बड़े पुरस्कार पाने की जिज्ञासा रखते हैं, उसके लिए अंदरखाने उठापटक करते हैं, गुणाभाग करते हैं, ताकि वह पुरस्कार उसको मिल जाए, परंतु वे शायद यह भूल जाते हैं कि ऐसे भी कई लोग हैं जिन्होंने उस क्षेत्र में अपना पूरा जीवन, छुपा रुस्तम रहकर नश्वर कर दिया है, परंतु कभी पुरस्कार कि आस नहीं रखी। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि, सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार पाने वाला व्यक्ति वही होना चाहिए, जिसका टारगेट पुरस्कार नहीं वह संबंधित काम हो, वैचारिकता ऐसी होनी चाहिए कि मैं पुरस्कार के पास नहीं जाऊंगा, पुरस्कार मेरे पास चलकर आएगा, यह बात तब होती है, जब उसका काम बोलता है और पुरस्कार भी उसके पास दौड़े चले आता है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसीलिए कर रहे हैं क्योंकि, पिछले कुछ दिनों से अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से जोड़कर जो शांति नोबेल पुरस्कार की चर्चा चल रही है, व अभी पाक के बाद इजरायल ने भी ट्रंप का नॉमिनेशन कर दिया है परंतु दुनियाँ देख रही है, पाक- इजराइल का युद्ध में व्यवहार व दूसरी ओर अभी इजराइल- हमास रूस-यूक्रेन चरम पर है तो इधर भारत-पाक थाईलैंड- कंबोडिया तनातनी भी बनी हुई है, अभी तक इनके बीच शांति का कोई ठोस आधार नहीं है। चूँकि नोबेल शांति पुरस्कार अभी 2025 का घोषित हुआ ही नहीं है, परंतु 2026 के लिए दावेदारी का कार्ड शुरू हो गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक पुरस्कार (नोबेल या कोई भी) पानें का हकदार वही है, जो खुद नहीं उसका काम बोले, उसे मांगना नहीं पड़े उसे देने की मांग उठे, पुरस्कार चलकर उसके पास आए।

साथियों बात अगर हम ट्रंप को संभाव्य नोबेल शांति पुरस्कार 2026 की जोरों पर हो रही चर्चा की करें तो, डायनामाइट के आविष्कारक और स्वीडिश उद्योगपति अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत कहती है कि नोबेल का शांति पुरस्कार उस व्यक्ति को दिया जाना चाहिए, ₹जिसने राष्ट्रों के बीच भाईचारे को बढ़ाने, स्थायी सेनाओं को समाप्त करने या कम करने, तथा शांति सम्मेलनों की स्थापना और संवर्धन के लिए सबसे अधिक या सर्वोत्तम कार्य किया हो, इजरायल और पाकिस्तान की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम इस पुरस्कार के लिए भेजे जाने पर सोशल मीडिया में खूब चर्चा हो रही है कि इस पुरस्कार को किसे दिया जाना चाहिए और किसे नहीं। गौरतलब है कि अब तक चार अमेरिकी राष्ट्रपतियों को यह पुरस्कार मिल चुका है, इनके नाम हैं- थियोडोर रूजवेल्ट, वूड्रो विल्सन, जिमी कार्टर और बराक ओबामा। अगर ट्रंप को नोबेल पुरस्कार मिलेगा तो वे इससम्मान को पाने वाले 5 वें अमेरिकी राष्ट्रपति होंगे। नोबेल शांति पुरस्कारों को अक्सर राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जाता है, नोबेल पुरस्कार की वेबसाइट का स्वयं मानना है कि कुछशख्सियतें जिन्हें शांति पुरस्कार मिले हैं वे ₹अत्यधिक विवादास्पद राजनीतिक एक्टिविस्ट₹ रहे हैं। इन पुरस्कारों ने अंतरराष्ट्रीय या राष्ट्रीय संघर्षों की ओर जनता का ध्यान भी बढ़ाया है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ओबामा को प्रेसिडेंट बनने के कुछ महीनों बाद ही यह पुरस्कार मिल गया था, इसपर काफी प्रतिक्रियाएं देखने को मिली थी। 1994 में एक सदस्य ने तब पद छोड़ दिया जब फिलिस्तीनी नेता यासर अराफात ने इजरायल के शिमोन पेरेज और यित्जाक राबिन के साथ नोबेल का शांति पुरस्कार साझा किया था। अब वर्ष 2026 के लिए इस पुरस्कार के लिए नॉमिनेट होने के बाद ट्रंप उत्साहित हैं, उन्होंने इस नॉमिनेशन के लिए इजरायल के पीएम की तारीफ भी की थी। ट्रंप लंबे समय से इस पुरस्कार के लिए खुद को दावेदार मानते हैं, फरवरी में बेंजामिन से मुलाकात के दौरान ट्रंप ने कहा था, वे लोग हमें कभी भी नोबेल शांति पुरस्कार नहीं देंगे, ये बहुत गलत है, लेकिन मैं इसके योग्य हूं, पर वो मुझे देंगे नहीं, इसके बाद जून में इजरायल-ईरान के बीच लड़ाई हुई, इस जंग के बाद इजरायल ने ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया। बता दें कि ट्रंप को 2018, 2020 और 2021 में नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया जा चुका है, इसके बाद ट्रंप ने एक बार फिर से अपनी पैरवी शुरू कर दी है। 8 जुलाई को एक रैली में ट्रंप ने कहा हम एक ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं जिस पर कई दशकों में हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं, यह शांति की कोशिश है और यह इजरायल के प्रयासों का नतीजा है, ये वो चीजें हैं जिनके बारे में किसी ने नहीं सोचा था कि वे की जा सकती हैं, आप जानते हैं कि यह एक अद्भुत बात है.₹अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा, ₹मैं यह अहंकार से नहीं कह रहा हूं, लेकिन मुझे नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया था, अब मुझे आपको बताना होगा यह एक बड़ी बात है, और दूसरे नेटवर्क और अधिकांश समाचारों ने इसे कवर नहीं किया, क्या आप कल्पना कर सकते हैं? जब ओबामा सत्ता में आए, तो उन्होंने कहा, 'हम उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार देने जा रहे हैं इसपर ओबामा ने सचमुच कहा, ₹मैंने क्या किया? मैंने कुछ नहीं किया, उन्होंने आठ साल तक कुछ नहीं किया, सचमुच में ₹ट्रंप ने कहा कि उन्होंने कुछ ही हफ्तों में ओबामा को नोबेल पुरस्कार दे दिया। साथियों बात अगर हम नोबेल शांति पुरस्कार व ट्रंप की हड़बड़ी को जानने की करें तो, नोबेल पुरस्कार विश्व के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक है, इनकी स्थापना स्वीडिश वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत के तहत हुई थी, नोबेल पुरस्कार की छह श्रेणियां हैं, जिनमें नोबेल शांति पुरस्कार भी शामिल है, अन्य पांच नोबेल पुरस्कार श्रेणियां हैं- भौतिकी, रसायन विज्ञान, शरीर विज्ञान या चिकित्सा, साहित्य और आर्थिक विज्ञान। नॉर्वे की नोबेल समिति इस पुरस्कार की विजेता तय करती है, हालांकि, नामांकन की अंतिम तारीख 31 जनवरी होती है, इसलिए नेतन्याहू का यह नामांकन 2026 के पुरस्कार के लिए माना जा सकता है, 2025 के लिए नहीं। ट्रंप की हड़बड़ी के कुछ कारणः (1) ओबामा से तुलनाः ट्रंप अक्सर पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की ओर इशारा करते हैं, जिन्होंने अपनेकार्यकाल के शुरूआती महीनों में ही नोबेल शांति पुरस्कार जीता था, ट्रंप खुद को एक महान ₹शांतिदूत₹ के रूप में स्थापित करना चाहते हैं, और ओबामा की उपलब्धि को पार करना चाहते हैं। (2) अपनी छवि को सुधारनाः ट्रंप ने अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान कई विवादास्पद नीतियां अपनाई थीं, जिसके कारण उनकी छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूमिल हुई थी. नोबेल शांति पुरस्कार उन्हें एक ₹शांतिदूत₹ के रूप में पेश करने का एक शानदार अवसर होगा, जो उनकी छवि को सुधारने में मदद कर सकता है। (3) 2026 के राष्ट्रपति चुनाव में, ट्रंप को एक मजबूत उम्मीदवार के रूप में पेश करने के लिए, नोबेल शांति पुरस्कार एक महत्वपूर्ण कारक हो सकता है. यह पुरस्कार उन्हें जनता के बीच एक लोकप्रिय नेता के रूप में स्थापित करने में मदद कर सकताहै। (4) अंतर्राष्ट्रीय मान्यताः ट्रंप ने कई बार दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने, इजरायल और अरब देशों के बीच शांति स्थापित करने और अन्य देशों में संघर्षों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैनोबेल शांति पुरस्कार उन्हें इन दावों को साबित करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त करने का एक शानदार अवसर प्रदान करेगा।

## उदय किशोर साह



### शमशान

कविता

आखिरी ठिकाना है तेरा शमशान
सच्चाई मत भूलना रे। इन्सान
जीवन का शाश्वत है यही विधान
अन्तिम पड़ाव है ये कब्रिस्तान

किस बात का तुँ करता है गुमान
चन्द दिनों का है जग का मेहमान
एक सराय है ये जालिम जहान
मौत किसी को ना बख्सता है जान

खाली हाथ जग में तुँ है आया
जीवन में अच्छाई जो है कमाया
अमर रहेगा तेरा वो जग में काम
लुट जायेगा दौलत तेरा सरे आम

अर्थी पे हो गई तेरी अन्तिम विदाई
सोफा पलंग कोई काम ना आई
कफन में लिपटा है तेरा नाम
मौत के आगे हारा है तमाम

खाली हाथ नंगा तुँ है यहाँ आया
पाप कर्म को जीवन में अपनाया
भला कर्म का हुआ ना कोई काम
विदाई में समझा सत्य है नाम राम

# आधार और पैन कार्ड निजी जीवन की सुविधा या गोपनीयता भंग होने का खतरा



संजीव ठाकुर

हिंदुस्तान की आबादी की 141 करोड़ जनसंख्या में से 120 करोड़ जनमानस के पास है। यह आंकड़े सरकार के पास भी जो अक्सर यह संदेह पैदा करतें है कि इसका कही दुरुपयोग होकर, कहीं आपके निजी जीवन में हस्तक्षेप तो नहीं किया जा रहा है। सरकार द्वारा समस्त शासकीय सुविधाओं की प्राप्ति के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं मोबाइल सिम के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता लागू कर दी गई है। यह बात तो सर्वविदित है कि मोबाइल में सिम कार्ड लेते वक्त आधार कार्ड की अनिवार्यता राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अति महत्वपूर्ण तो है ही पर इसमें कभी-कभी यह आशंका भी होने लगती है कि भारत में निवास करने के लिए आधार के रूप में निजी जीवन में कहीं दखलअंदाजी तो नहीं है अथवा व्यक्ति के जीवन में उसकी निजता पर प्रहार तो नहीं है। चूंकि आधार कार्ड व्यक्ति की निजी पहचान को अपने में सम्मिलित करता है और इसकी अनिवार्यता से व्यक्ति की निजी पहचान का दुरुपयोग हो सकता है। व्यक्ति कहां क्या गतिविधियां कर रहा है यह आधार की अनिवार्यता के साथ सरकार के पास सारी जानकारी उपलब्ध हो जाती है, जिससे सरकार द्वारा अथवा डाटा संग्रहण केंद्र के माध्यम से किसी भी हैकर द्वारा दुरुपयोग किया जा सकता है। जो व्यक्तिगत इच्छा के विपरीत है और यदि सरकार आधार से संबंधित आंकड़े किसी अन्य पक्ष के साथ साझा करती है तो इसके दुरुपयोग की संभावना प्रबल हो जाती है। आधार कार्ड के दुरुपयोग की दूसरी समस्या इसके राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में उपयोग किए जाने की भीतर हो सकती है। राजनीति में सत्ता पक्ष की जितनी भूमिका होती है विपक्ष की भूमिका उससे अधिक होती है। आधार कार्ड के आंकड़ों के माध्यम से कोई भी सत्ता पक्ष, विपक्ष की इस भूमिका को सीमित करने का प्रयास कर सकता है। आधार कार्ड की अनिवार्यता के साथ विपक्षी राजनेताओं के संवादों को टेप कर रणनीति का पूवार्नुमान लगाना सत्ता पक्ष की मंशा हो सकती है, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। पर इसके कई फायदे भी हैं, आधार कार्ड की पैन कार्ड में अनिवार्यता ने वर्षों से टैक्स की छूट ले रहे फर्जी पैन कार्ड धारकों के हितों में चोट तो की है। इससे सरकार के कर संग्रहण में बढ़ोतरी होने से योजनाओं के लिए धन आवंटन एवं भौतिक सामाजिक निवेश में वृद्धि होगी। आधार कार्ड की अनिवार्यता से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता नहीं बढ़ाया जा सकता है क्योंकि इससे सरकार के पास वास्तविक सफलता के आंकड़े भी उपलब्ध होंगे जो बेहतर नीति निर्माण के लिए सहायक भी होगी। विगत दिनों सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि भले ही निजता का अधिकार मौलिक अधिकार हो किंतु सरकार द्वारा जनकल्याण के कार्यों के लिए उसका अतिक्रमण किया जा सकता है। एक लोकतांत्रिक सरकार का प्रथम एवं अंतिम उद्देश्य लोक कल्याणकारी रूप में स्वयं को स्थापित करना है। यदि लोक कल्याण के लिए सरकार व्यक्तियों के आंकड़ों का संग्रहण करती है उसे उचित माना जाना चाहिए। शर्त यह है कि सरकार विधि सम्मत स्थापित कर दें कि उन एकत्रित आंकड़ों का दुरुपयोग कि किन्ही भी स्थिति में नहीं किया जाएगा। व्यक्ति की निजता एक अखंडनिय अधिकार है, किंतु इसकी निरंतरता के लिए सरकार का सहयोग अपनी कर्तव्यनिष्ठा का पालन भी आवश्यक है। व्यक्ति को चाहिए कि वर्तमान डिजिटल युग के खतरों को भांपते हुए निजी पहचान को किसी भी अनाधिकृत वेबसाइट अथवा व्यक्ति को देने से बचें क्योंकि निजता का वास्तविक खतरा उससे है, ना कि सरकार के आंकड़ों के संग्रहण से है। आंकड़ों की उपलब्धता सरकार के लिए अत्यंत आवश्यक भी है और अनिवार्य भी है। किंतु सरकार को यह आश्वासन देना होगा कि एकत्रित आंकड़ों का किन्हीं भी परिस्थितियों में दुरुपयोग नहीं किया जाएगा और व्यक्ति की निजता पर किसी तरह की आंच आने की संभावना नहीं होगी। आज इंटरनेट हमें देख रहा है हमारी प्रत्येक गतिविधि पर नजर है, कल टीवी पर भी हमें देखेगा हमारी सूचियों की जानकारी रखेगा इससे यह लाभ होगा कि हमारा जीवन सरल हो जाएगा किंतु कीमत होगी हमारी निजता की इस पर खतरा ना हो तो सारी सुविधाएं मानवीय पहलुओं को सहायता करना ही है। आज के डिजिटल युग में हमें किसी किसी भी साइट अथवा किसी भी चैनल को अपना आधार कार्ड नंबर तुरंत नहीं बताना चाहिए इससे साइबर अपराध को बढ़ोतरी मिलती है एवं धन हानि की संभावना ज्यादा होने लगेगी।

# जहां सिनेमा फिर से शुरू होता है: बहाल क्लासिक्स की शांत शक्ति



विजय गर्ग

एक ऐसे युग में जहां सब कुछ क्षणभंगुर है, इंस्टाग्राम पर कहानियां 24 घंटे में गायब हो जाती हैं, टिकटोक के रुझान समाप्त हो जाते हैं इससे पहले कि वे यादें भी बनाते हैं, और अगली वायरल रील हमेशा एक स्क्रॉल दूर होती है, सिनेमा की दुनिया में कुछ सुंदर, लगभग कट्टरपंथी, हो रहा है। दृश्य, रंगीन दृश्यों के रूप में। यह सिर्फ उदासीनता नहीं है जो लोगों को आकर्षित कर रही है। यह श्रद्धा है। और शायद, शांत विद्रोह। एक क्लासिक को बहाल करने के लिए सिर्फ सेल्युलाइड पर खरोंच की मरम्मत या ध्वनि बढ़ाने के लिए नहीं है। यह सांस्कृतिक संरक्षण का एक कार्य है, फिल्म निमार्ता की मूल दृष्टि, फ्रेम द्वारा फ्रेम, रंग से रंग, नोट द्वारा नोट को पुनः प्राप्त करने का एक श्रमसाध्य प्रयास है। यह इरादे का सम्मान करने के बारे में है। और यह समय के बारे में है। जब उमराव जान इस जून में एक लुभावनी 4ङ बहाली में सिनेमाघरों में लौटे, एक फिर से रिलीज अभियान और विशेष स्क्रीनिंग के साथ पूरा, यह सिर्फ एक थ्रोबैक नहीं था। यह लालित्य का एक पुनर्मिलन था। दृश्यों, कविता, संगीत, सब कुछ अचानक फिर से जीवित महसूस किया, यहां तक कि पहली बार जनरल जेड दर्शकों को जो थिएटर में एक रेखा फिल्म का अनुभव कभी नहीं किया है। इसी तरह, शोले, भारत का सबसे प्रतिष्ठित मसाला महाकाव्य, जून 2025 में बोलोग्ना में प्रतिष्ठित इल सिनेमा रिट्रोवाटो महोत्सव में बहाल किया गया और प्रदर्शित किया गया। न केवल सामान्य संस्करण, बल्कि अनकट मूल जहां ठाकुर ने गब्बर को खुद खत्म किया, दशकों में पहली बार खोए हुए चरमोत्कर्ष के साथ, पूरे रंग में बहाल किया। इसने शोले के 50 साल को धूमधाम से नहीं, बल्कि गरिमा के साथ चिह्नित किया। इस बीच, गाइड ने 2023 में कऋऋक गोवा में अपनी भव्य वापसी की, जबकि चारुलता को पहले ही 2013 में कान क्लासिक्स में सम्मानित किया जा चुका था। गुरु दत्त की उत्कृष्ट कृतिः प्यासा, कागज के फूल, और चौधविन का चंद को पूर्ण 4ङ पुनर्स्थापना मिली और उन्हें कान 2025 में प्रदर्शित किया गया। सिनेमा नहीं, कहानियां नहीं, सिर्फ.कंटेंट के प्रभुत्व वाले परिदृश्य में, इन फि ल्मों की वापसी का सिर्फ.स्वागत नहीं है. यह आवश्यक है। जब सोशल मीडिया हमें तेजी से भूलना सिखाता है, तो फिल्म बहाली हमें धीमी गति से याद रखने का आग्रह करती है। यह एल्गोरिथ्म का विरोधी है। यह स्मृति, प्रयास और गहराई है। ये बहाल क्लासिक्स न केवल सिनेमाघरों में एक प्रोग्रामिंग गैप भर रहे हैं। वे एक बयान दे रहे हैं। एक बयान जो कहानी कहने से मरा नहीं है। एक फिल्म को अविस्मरणीय होने के लिए चीखना या प्रवृत्ति नहीं है। अभी भी एक दर्शक है जो अपने सिनेमा में वजन, लय और सुंदरता को तरसता है। इसके बारे में सोचेंः डॉल्बी सराउंड में पहली बार 22 वर्षीय प्यासा, एक पैक्ड थिएटर में, पुरानी यादों के लिए नहीं जा रहा है। वे जा रहे हैं क्योंकि, शायद पहली बार, उन्होंने सुना है कि सिनेमा कविता की तरह महसूस कर सकता है। वे कहानियाँ झूल सकती हैं। वह कला उम्र भर कर सकती है, और फिर भी पहले से कहीं ज्यादा जोर से बोल सकती है। यह सिर्फ फिल्मों की वापसी नहीं है, यह विचारों की वापसी है। जानबूझकर संवाद की वापसी, जटिलता के साथ पात्रों की, कहानी कहने की जो अपने दर्शकों को सोचने, प्रतिबिंबित करने और रहने के लिए भरोसा करती है। इन फिल्मों में समय था। और उन्होंने हमें समय दिया। बहाली, तो, केवल पिछले संरक्षण के बारे में नहीं है। यह वर्तमान के लिए एक दर्पण है। यह पूछता हैः आज हम क्या बना रहे हैं जो कल बहाली के लायक होगा? और अधिक महत्वपूर्ण रूप सेः क्या हम भी अब मन में दीघार्यु के साथ निर्माण कर रहे हैं? आज चारुलता की स्क्रीनिंग के बारे में कुछ चुपचाप विध्वंसक है, उसी दुनिया में जहां 10 सेकंड का डांस क्लिप लूप अंतहीन है। सत्यजीत रे का कैमरा फीता के पर्दे के माध्यम से झांकती एक महिला पर टिका हुआ है। मौन है। शांति है। और फिर भी, सब कुछ हो रहा है। अब उस तरह का कथात्मक धैर्य कितना दुर्लभ है? यहां एक बड़ा सच भी है। जैसा कि भारत खुद को एक सांस्कृतिक और रचनात्मक बिजलीघर के रूप में देखता है, हमारी सिनेमाई विरासत नरम शक्ति का एक रूप बन जाती है। गाइड बहाल करना, मुगल-ए-आजम की स्क्रीनिंग करना, आनंद या दो बीघा जमीन को फिर से पेश करना, ये केवल श्रद्धा के कार्य नहीं हैं। वे वैश्विक वातार्लाप हैं। सौंदर्य आत्मविश्वास के कथन। जब किसी क्लासिक भारतीय फिल्म को कान या बोलोग्ना में स्टैंडिंग ओवेशन मिलता है, तो यह अतीत के लिए सिर्फ एक जीत नहीं है। यह दुनिया के लिए एक अनुस्मारक हैः हमने हमेशा अच्छी कहानियां बताई हैं। शायद हमने उनकी बात सुनना बंद कर दिया। बहाली ने जो किया है वह सिर्फ तकनीकी से अधिक है; यह भावनात्मक, दार्शनिक और यहां तक कि राजनीतिक भी है। यह सिनेमा की आत्मा को वापस लाया गया है, एक ऐसे युग में जिसे इसकी सख्त जरूरत है। यह हमें याद दिलाता है कि कहानियां डिस्पोजेबल नहीं हैं। वह स्मृति मायने रखती है। उस सुंदरता की अपनी गति है। तथ्य यह है कि युवा पीढ़ियां इन क्लासिक्स की खोज कर रही हैं, न कि दिनांकित अवशेषों के रूप में, बल्कि जीवित, श्वास सिनेमा के रूप में, कुछ गहरा साबित होता हैः सच्ची कहानियां नहीं वे बस फिर से शुरू करते हैं। इसलिए अगली बार जब आप अपने स्थानीय थिएटर में एक बहाल ब्लैक-एंड-व्हाइट फिल्म के लिए एक पोस्टर देखते हैं, तो इसे अतीत में न चलें। इसमें चलो। बैठ जाओ। और यह आपको याद दिलाता है कि वास्तव में एक फिल्म देखने का क्या मतलब है। एक त्वरित डोपामाइन हिट के लिए नहीं, लेकिन कुछ शांत, गहरे, कुछ के लिए जो स्क्रीन के अंधेरे होने के लंबे समय तक रहता है। इसे आपको फिर से इंतजार करना सिखाएं। फिर से सुनने के लिए। फिर से महसूस करना। उस अंधेरे थिएटर में, रुझानों और हैशटैग के शोर से दूर, आपको बस कुछ ऐसा मिल सकता है जो कोई एल्गोरिथ्म आपकी सेवा नहीं कर सकता है, एक कहानी जो आपकी आत्मा का हिस्सा बन जाती है। और वह, शायद, जहां सिनेमा फिर से शुरू होता है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# इंद्रप्रस्थ कॉलेज में किया वृक्षारोपण, हर पौधा, हर सांस, एक जीवन माँ के नाम : डॉ अंजू वालिया

**वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी गुर्जर**

- इस अवसर पर संस्था परिसर में सागौन, सहजन, आंवला सहित अनेक उपयोगी और औषधीय पौधों का रोपण किया
- संस्थान के समस्त स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए न केवल पौधे लगाए

**सहारनपुर नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी सहारनपुर में आज उत्तर प्रदेश सरकार की अभिनव योजना ३एक पेड़ माँ के नाम३ के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था परिसर में सागौन, सहजन, आंवला सहित अनेक उपयोगी और औषधीय पौधों का रोपण किया गया, कार्यक्रम की शुरूआत संस्था की निदेशक डॉ. अंजू वालिया के मार्गदर्शन में हुई, उन्होंने इस अवसर पर कहा हम सबका यह नैतिक कर्तव्य है कि हम प्रकृति के संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं एक पेड़ माँ के नाम केवल एक योजना नहीं बल्कि माँ के प्रति सम्मान और पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व का प्रतीक है, आज जब हम एक पौधा लगाते हैं, तो हम न केवल एक जीवन रोपते हैं, बल्कि भविष्य की सांसों को सुरक्षित करते हैं, यह अभियान छात्रों और स्टाफ दोनों में पर्यावरणीय जागरूकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है संस्थान के समस्त स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए न केवल पौधे लगाए, बल्कि उनकी निरंतर देखभाल का भी संकल्प लिया इस आयोजन के माध्यम से इंद्रप्रस्थ कॉलेज ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए समाज को यह संदेश दिया कि ३हर पौधा, हर सांस, एक जीवन – माँ के नाम।





# राष्ट्रीय लोकदल कभी भी धर्म जाति की राजनीति नहीं करती है उस्मान बबलू

**वेलकम इंडिया**



**रामपुर।** जनपद रामपुर में राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री संगठन प्रदेश प्रवक्ता आतिर रिजवी जी उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष न्याय मंच बड़ी बहन संगीता दोहरेजी राष्ट्रीय लोक दल मेरे आवास ग्राम पंचायत जुठिया में मेरी माता जी के इंतकाल की खबर सुनकर उन्हें खिराजे अकीदत पेश करने के लिए आए प्रदेश महामंत्री संगठन द्वारा बोलते हुए पूरे परिवार को सब्र करने को कहा और बोले ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय लोकदल और हम आपके साथ खड़े हुए हैं बड़ी बहन प्रदेश अध्यक्ष न्याय मंच संगीता दोहरे जी ने भी सभी परिवार वालों को सब्र करने को कहा राष्ट्रीय लोकदल ऐसी ही पार्टी है हर व्यक्ति के दुख दर्द में पार्टी का हर नेता खड़ा हुआ है केंद्रीय मंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल चौधरी जयंत सिंह जी के निर्देश पर दोनों नेताओं का आगमन मेरे आवास पर हुआ जो बड़े गर्व की बात है दोनों नेताओं ने बड़े अच्छे से पूरे परिवार को समझाया सर पर हाथ रख राष्ट्रीय लोकदल कभी भी धर्म जाति की राजनीति नहीं करता है सभी को साथ लेकर चलने वाला अगर कोई संगठन है पूरे देश के अंदर तो राष्ट्रीय लोकदल है बाकी अन्य पार्टी किसी के दुख दर्द से कोई मतलब नहीं रखती है कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद अहसान जिला अध्यक्ष शाहिद हुसैन मोहम्मद रेहान मोहसिन मोहम्मद रोहन आदि लोग मौजूद है।

# रामपुर की जनता ने ही वी आई पी बनाया है फारूक मियां



Farhat Ali Khan
श्रीमती सना मामून खान सम्मानित महिला हैं।।। जिन्होने अपनी ईमानदारी और चरित्र से नगर पालिका के गौरव को बढ़ाया है।। भाजपा की पहचान भी चाल चलन चरित्र चेहरे पर होती है।। जो बीजेपी ने वादा किया है कर के दिखाया है।। सना जी आप फिक्र न करना भाजपा ने सड़क गली खेत खलियान से लेकर vip महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए वचनबद्ध हैं।। अगर किसी ने भी भाजपा या महिलाओं के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया तो उसकी जगह उसे मालूम है कहा है। मुस्लिम महासंघ आपके साथ है।। और हर बहन बेटियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेता है

**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** इंडियन युनियन मुस्लिम लीग के ज़िला अध्यक्ष फारूक मियां ने मुस्लिम महा संग के अध्यक्ष फरहत अली खान पर निशाना साधते हुए कहा कि फरहत अली खान की भाषा से पता चलता की वह रामपुर की जनता के लिए क्या सोच रखते हैं उन्होंने कहा कि जिस वी आई पी महिला की हिमायत कर रहे हैं शायद वो भुल गए हैं इस महिला को रामपुर की जनता ने ही वी आई पी बनाया है फारूक मियां ने कहा कि अगर जनता ने सना खा की कार्य शेली पर कोई सवाल रखा है तो फरहत अली खान के मिर्ची क्यू लग रही है उनहोंने कहा कि फरहत अली खान होश के नाखून ले ओर मेरे रामपुर वालों को धमकाने की कोशिश न करे फारूक मियां ने जनता से अपील करते हुए कहा कि आप मुस्लिम लीग का साथ दे।

# आर.एस.एम. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**धामपुर :** आर.एस.एम. महाविद्यालय, धामपुर में सरकार द्वारा संचालित हरितमा अमृतवन अभियान के अंतर्गत बुधवार को एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ कॉलेज प्रांगण में पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में शीशम, नीम, वॉटर ब्रश, नींबू, अमरूद, आंवला, करी पत्ता सहित कई औषधीय एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण 50 पौधों का सफलतापूर्वक रोपण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. रश्मि शर्मा रावल ने कहा, वृक्ष हमारे जीवन की ऊर्जा का स्त्रोत हैं, यह न केवल पर्यावरण को समृद्ध करते हैं बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ बनाते हैं। वरिष्ठ शिक्षिका प्रो. डॉ. अलका राय ने वृक्षारोपण के स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रातःकाल वनों से निकलने वाली शुद्ध और सुगंधित वायु मनुष्य को अनेक रोगों से बचाती है तथा मानसिक शांति प्रदान करती है। राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ ने अपने संबोधन में कहा वृक्षारोपण न केवल आज की आवश्यकता है, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अमूल्य धरोहर है। हमें अपने घरों, आसपास के क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों और सड़कों के किनारे भी पौधारोपण को बढ़ावा देना चाहिए। इस प्रेरणादायक आयोजन में डॉ. रमाकांत, डॉ मनोज कुमार, डॉ. राजेश कुमार, डॉ भारती चौहान, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, श्री देवेश पाठक, डॉ आदित्य कुमार, डॉ. अर्चना गहलोत, श्री सुंदर सिंह विष्ट सहित महाविद्यालय के अनेक शिक्षकगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सक्रिय स्वयंसेवकों पवन कुमार, विपिन यादव, नितिन कुमार वर्मा, नितिन कुमार, कृष चौधरी, राजकुमार आदि ने पूर्ण निष्ठा एवं ऊर्जा के साथ सहभागिता निभाई। इस सराहनीय आयोजन ने यह संदेश दिया कि युवा वर्ग यदि ठान ले, तो पर्यावरण संरक्षण कोई कठिन कार्य नहीं। यह कार्यक्रम न केवल सफल रहा, बल्कि भावी पीढ़ी को जागरूक करने वाला भी सिद्ध हुआ।

# अन्नपूर्णा ढाबा, फैमिली रेस्टोरेंट का किया उद्घाटन




**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** मुरादाबाद- नूरपुर हाईवे पर स्थित ग्राम हसनपुर में अन्नपूर्णा ढाबा, फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया गया सर्वप्रथम हवन यज्ञ किया गया जिसमें अन्नपूर्णा ढाबा फैमिली रेस्टोरेंट स्वामी दीपक सक्सेना संजीव पाल ने हवन यज्ञ कराया हवन यज्ञ पंडित नीरज गौड ने किया दीपक सक्सेना ने फीता काटकर अन्नपूर्णा ढाबा फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया। इस मौके पर दीपक सक्सेना, संजीव पाल, चौधरी अजयवीर सिंह एडवोकेट, गजेन्द्र चौहान, धर्मेंद्र जोशी, एडवोकेट अनुज चौधरी, सौरभ जुनेजा, संजीव गुर्जर अंकित जोशी, ओनिक सक्सेना, वरिष्ठ पत्रकार डॉ ओम प्रकाश चौहान, पत्रकार अर्पित त्यागी, वरिष्ठ पत्रकार सतवेन्दर सिंह गुजरात राजवीर सिंह सैनी राजू, विशेष त्यागी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# चमरौआ ब्लॉक की ग्राम पंचायत मनकरा में पौधारोपण करते प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां




**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** जिलेभर की ग्राम पंचायतों में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 वृक्षारोपण महाअभियान-2025 के अंतर्गत कार्यक्रम कर वृक्षारोपण किया गया। ग्राम पंचायतों में पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा आम लोगों ने भी इस अभियान में बढ़ चढ़कर उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। चमरौआ ब्लॉक की ग्राम पंचायत मनकरा में राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां ने पौधारोपण किया। यहां विभिन्न प्रकार की प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस मौके पर प्रधान सना काशिफ, वीडीओ मोहम्मद उमर फारूक और मनरेगा तकनीकी सहायक अजीम खां ने भी पौधारोपण किया।


# अन्नपूर्णा ढाबा, फैमिली रेस्टोरेंट का किया उद्घाटन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** मुरादाबाद- नूरपुर हाईवे पर स्थित ग्राम हसनपुर में अन्नपूर्णा ढाबा, फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया गया सर्वप्रथम हवन यज्ञ किया गया जिसमें अन्नपूर्णा ढाबा फैमिली रेस्टोरेंट स्वामी दीपक सक्सेना संजीव पाल ने हवन यज्ञ कराया हवन यज्ञ पंडित नीरज गौड ने किया दीपक सक्सेना ने फीता काटकर अन्नपूर्णा ढाबा फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया। इस मौके पर दीपक सक्सेना, संजीव पाल, चौधरी अजयवीर सिंह एडवोकेट, गजेन्द्र चौहान, धर्मेंद्र जोशी, एडवोकेट अनुज चौधरी, सौरभ जुनेजा, संजीव गुर्जर अंकित जोशी, ओनिक सक्सेना, वरिष्ठ पत्रकार डॉ ओम प्रकाश चौहान, पत्रकार अर्पित त्यागी, वरिष्ठ पत्रकार सतवेन्दर सिंह गुजरात राजवीर सिंह सैनी राजू, विशेष त्यागी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।


# मंडी समिति में हुई पौधारोपण अभियान की शुरूआत

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर नजीबाबाद।** कृषि उत्पादन मंडी समिति में व्यापारियों ने मंडी समिति के साथ मिलकर पौधारोपण अभियान की शुरूआत की तथा साथ ही कावड़ यात्रा के दौरान फल और सब्जी की गाड़ियों को ना रोके जाने को लेकर एक ज्ञापन भी दिया गया। मंडी सचिव की ओर से इस संबंध में अधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन दिया गया है। बुधवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति कार्यालय में मंडी व्यापारियों की ओर से कावड़ यात्रा के दौरान अनावश्यक रूप से पुलिसकर्मियों द्वारा वाहनों को रोके जाने के संबंध में एक ज्ञापन मंडी सचिव सचिन शर्मा को सौपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक वस्तु हेतु मार्ग निर्धारित किया गया है लेकिन फिर भी कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा इसका पालन नहीं किया जाता है। व्यापारियों ने आवश्यक वस्तु फल और सब्जी की सुचारू रूप से आपूर्ति में बाधा उत्पन्न ना होने को लेकर ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों की समस्या का समाधान करने की अपील की है। इस अवसर पर व्यापारी हाशिम अहमद, मोहम्मद यूनुस, हाजी मोहम्मद नासिर, मोहम्मद आबिद तथा मंडी समिति से कुमारी खुशनुमा निरीक्षक, सुल्तान सिंह कंधारी, शिव शंकर यादव, संगीता देवी, ममता सक्सेना, मोहम्मद फुरकान, जगबीर सिंह, नरेंद्र सिंह, कपिल कुमार, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# बड़े भाई ने छोटे भाई को कुल्हाड़ी से काट डाला, बेटे की लहूलुहान लाश पर रोती रही मां

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चांदपुर :** ब्लॉक बजलीलपुर क्षेत्र के गांव भोगपुर में जमीन के विवाद को लेकर बड़े भाई मदन ने छोटे भाई कमल (48) की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। वारदात के बाद मौके से भाग निकला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव भोगपुर में स्वर्गीय रामपाल सिंह का मकान है। मकान में उनका बड़ा बेटा मदन सिंह अपने परिवार व छोटे भाई कमल तथा मां के साथ रहता है। मदन के एक बेटा व एक बेटी है। मदन के एक भाई की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। बुधवार दोपहर बड़े भाई मदन की छोटे भाई कमल से संपत्ति के विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि मदन ने कमल पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी भाग निकला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया। बताया जा रहा है कि एक माह पूर्व पिता की मौत के बाद हुए खर्च को लेकर विवाद चल रहा था। कमल की शादी नहीं हुई थी और वह अपनी जमीन का कुछ हिस्सा बेचना चाहता था। कमल की मौत पर बेबस मां का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना अध्यक्ष संजय तोमर ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# शायर सोज नजीबाबादी को अदबी खिदमात के लिए शॉल ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर नजीबाबाद।** गीत गजल संगम एकेडमी नजीबाबाद ने उस्ताद शायर सोज नजीबाबादी को अदबी खिदमात के लिए शाल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।शायरों ने सोज नजीबाबादी को अदब का सच्चा सिपाही बताया।

मोहल्ला मेंहदी बाग में आयोजित यहफिल को खिताब करते हुए मुख्य अतिथि समाज सेवी तस्नीम सिद्दीकी ने कहा कि नजीबाबाद की धरती ने अदब के वोह नायब हीरे दिए हैं जिनकी कदर करना हमारी जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि सोज नजीबाबादी भी उर्दू अदब के नायब हीरो में से एक है।उन्हीं ने अपने शायरी से उर्दू अदब को रौनक बख्शी हैं।एकेडमी के सदर डॉक्टर आफताब नोमानी ने सोज नजीबाबादी की अदबी खिदमात पर रोशनी डालते हुए कहा कि सोज नजीबाबादी का शुमार उस्ताद शायरों में होता है न जाने कितने लोगों को कलम पकड़ना सिखाया है।हमेशा वोह उर्दू के लिए फिक्रमंद रहे हैं।उर्दू का दर्द उनके दिल में कूट कूट कर भरा है।उन्हों ने कहा कि सोज नजीबाबादी ने अपनी क्लासिकल शायरी से लोगों के दिलों को जीत है।उन्हों ने अपनी आवाज का जादू भी जगाया हैं।इतना ही नहीं सोज नजीबाबादी आवाज के जादूगर भी है। सोज नजीबाबादी अपने कारोबारी सिलसिले में आज कल हैदराबाद रह रहे हैं।नजीबाबाद आने पर शायरों ने उनका इस्तकबाल किया।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान का दर्जा राज्यमंत्री राकेश गर्ग ने पुलिस लाइन परिसर में मौलश्री का पौधा रोपित कर किया शुभारंभ

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** दर्जा राज्यमंत्री, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड, कानपुर राकेश गर्ग ने बुधवार को हाथरस पुलिस लाइन परिसर ह्वएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान के अंतर्गत मौलश्री का पौधा रोपित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात ह्वएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान के अंतर्गत सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, विधायक सदर अंजुला सिंह माहौर, विधायक सिकन्द्राराऊ वीरेंद्र सिंह राणा, विधायक सादाबाद प्रदीप कुमार, जिला अध्यक्ष शरद महेश्वरी, जिला अध्यक्ष श्याम सिंह, ब्लॉक प्रमुख हाथरस पूनम पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि राजेश उर्फ गुड्डू, नोडल अधिकारी-मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण कानपुर मयूर माहेश्वरी, जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी सहित उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधिगणों एवं अधिकारियों ने मौलश्री के अलावा विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण कर महा अभियान में प्रतिभाग किया। प्रभागीय वनाधिकारी ने पुलिस लाइन सभागर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि ह्वएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान के तहत जनपद में लगभग 22.84 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस वृक्षारोपण महाअभियान की शुरूआत 1 जुलाई से की गई है। मंत्री जी और उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को सहजन के पौधे वितरित किए और उनसे पौधे लगाने और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मनुष्य ने विकास की दौड़ में प्रकृति को नुकसान पहुँचाया है, जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरण असंतुलन और मौसम में बदलाव देखे जा रहे हैं। मंत्री के जनपद आगमन पर पुलिस लाइन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सलामी दी गई। तथा जिलाधिकारी ने मंत्री जी तथा नोडल अधिकारी को पुष्प गुच्छ एवं रूद्राक्ष का पौधा भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मोनिका गौतम एवं चतुर सिंह द्वारा किया गया।कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक परियोजना निदेशक, उपजिलाधिकारी हाथरस/सादाबाद प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी पुलिस, उपनिदेशक कृषि, जिला पंचायत राज अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# वाराणसी से मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने एक खूबसूरत यात्रा के लिए निकली प्राकृतिक यात्रा

**वेलकम इंडिया**



वाराणसी से मिसेज एशिया विजयता सचदेवा उत्तराखंड तुंगनाथ से होकर बद्रीनाथ सहित करने पहुंची हरिद्वार और वृंदावन के दर्शन परिवार के साथ की पूजा-अर्चना मिसेज एशिया विजयता सचदेवा बताती हैं कि जब कोई यात्री हरिद्वार से अपने पावन सफर की शुरूआत करता है, तो गंगा की अविरल धारा और घाटों की अलौकिक वेला उसे आत्मिक शांति से भर देती है। हरिद्वार की गंगा आरती का दिव्य आलोक उसकी चेतना को जैसे एक नई ऊर्जा और श्रद्धा का संचार करता है। यहाँ की घंटियों की गूंज, दीपों की टिमटिमाती रौशनी और श्रद्धालुओं की अपार भीड़ मिलकर एक अनुपम वातावरण रचती है, जो मन को भक्ति-रस से सराबोर कर देती है। इसके पश्चात तुंगनाथ और चंद्रशिला की ओर प्रस्थान करते हुए हिमालय की हिमाच्छादित चोटियाँ मन को मोह लेती हैं। कठिन चढ़ाई के बावजूद देवालयों का पवित्र वातावरण और ऊँचाई से दिखता विस्तृत प्राकृतिक दृश्य आत्मा को रोमांच और शांति का अद्भुत संगम प्रदान करता है। चंद्रशिला की चोटी पर पहुँचकर सूर्योदय का साक्षात्कार मानो जीवन की सारी थकान को पल भर में हर लेता है। बद्रीनाथ के दिव्य धाम की ओर बढ़ते हुए अलकनंदा का कलकल निनाद, देवदार के वृक्षों की मनमोहक छाया और पर्वतीय मार्ग की संकरी पगडंडियाँ यात्रियों को प्रकृति के सान्निध्य का अनुभव कराती हैं। भगवान बद्रीविशाल के मंदिर की भव्यता और वहाँ की आध्यात्मिक ऊर्जा मन को श्रद्धा और आत्मविभोर कर देती है। वहीं बद्रीनाथ के निकट स्थित माना गांव, जो भारत का अंतिम ग्राम कहलाता है, इतिहास और लोककथाओं से जुड़ी अनेक कहानियाँ समेटे हुए है। भीम पुल, व्यास गुफा जैसे स्थल यात्रियों को महाभारत काल की गौरवशाली गाथाओं की सजीव अनुभूति कराते हैं।

# जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए किया गया वृक्षारोपण

**वेलकम इंडिया**



**ऊंचागांव :** विकासखंड क्षेत्र के अमरगढ़ में स्थित जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य व विद्यालय के समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए बुधवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य व स्टाफ और विद्यार्थियों ने कॉलेज में फलदार और छायादार पौधे लगाए। प्रधानाचार्य ने सोशल मीडिया के माध्यम से कॉलेज के समस्त छात्र छात्राओं से अपने घरों के आस पास छायादार वृक्ष लगाने का आग्रह किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है। यह कार्यक्रम भविष्य को हरा भरा और स्वच्छ बनाने की दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कॉलेज सभी छात्र छात्राओं को को वृक्षारोपण के अवसर पर बधाई दी। साथ ही उनसे पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागेदारी की विद्यालय में बुधवार को लगभग 220 वृक्ष लगाए गए। विद्यालय में सबसे अधिक वृक्ष नीम के लगाए गए। प्रधानाचार्य ने बताया कि नीम के वृक्ष औषधि के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

# नरसेना में अवैध मिठाई फैक्ट्री का भंडाफोड़:310 किलो दूषित मिठाई और 50 किलो एक्सपायर्ड नूडल्स जब्त, मालिक का बेटा फरार

**वेलकम इंडिया**



ग्राम नरसेना में एक फैक्ट्री पर मिलावटी मि इयां बनाने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर फैक्ट्री में छापेमारी की गई, मौके पर मिलावटी मिठाइयां तथा एक्सपायरी डेट के मैगी नूडल्स मिले हैं, कुछ को सैंपल के लिए भेज दिया गया, और अधिकतर को नष्ट कर दिया गया है
**-विनीत कुमार आयुक्त खाद्य सुरक्षा विभाग**

बुलंदशहर में खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्याना तहसील के ग्राम नरसैना में एक मिठाई फैक्ट्री पर छापेमारी की। मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की मौजूदगी में की गई इस कार्रवाई में फैक्ट्री से गंभीर अनियमितताएं मिलीं। मौके पर फैक्ट्री मालिक भगवान सिंह मिले, जबकि मिठाई सप्लाई का काम देखने वाला उनका बेटा धर्मवीर मौके से फरार हो गया जांच में पाया गया कि फैक्ट्री में बिना दूध के केवल रिफाइंड पामोलीन ऑयल और स्किम्ड मिल्क पाउडर से बर्फी बनाई जा रही थी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने फैक्ट्री से सोनपापड़ी, छैना मिठाई, बर्फी और बूंदी के लड्डू सहित कुल 6 नमूने जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजे हैं फैक्ट्री में मिठाई निर्माण और भंडारण की जगह पर घोर अस्वच्छता पाई गई। कार्रवाई के दौरान लगभग 310 किलोग्राम दूषित मिठाई और 13 पेटी एक्सपायर्ड नूडल्स (लगभग 50 किलोग्राम) बरामद हुए, जिनकी कुल कीमत करीब 35,700 रुपए थी। इन सभी खाद्य पदार्थों को मौके पर ही नष्ट करा दिया गय अस्वच्छ परिस्थितियों में मिठाई निर्माण के कारण फैक्ट्री का लाइसेंस निलंबित किया जा रहा है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस छापेमारी में विनीत कुमार (सहायक आयुक्त खाद्य) समेत विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# टांडा में पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज ने किया वृक्षारोपण



**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा जिला रामपुर।** पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज ने बुधवार को नगर के झंडा चौक स्थित मंसब अली स्टेडियम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने बताया कि पेड़ हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित रखने में बेहद जरूरी हैं। उन्होंने सभी से न सिर्फ पेड़ लगाने, बल्कि उनकी देखभाल करने की भी अपील की। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम, प्रधान लिपिक धनीराम सैनी, सभासद हाजी हारून, शफीक अहमद, रईस उर्फ भूरा और मुन्ना आदि मौजूद रहे।

# एक पेड मां के नाम का शुभारंभ सांसद अरुण गोविल व कैंट बोर्ड सीईओ जाकिर हुसैन द्वारा गांधी बाग में पौधे रोपित कर किया

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ।** बुधवार को वृक्षारोपण अभियान के शुभअवसर पर ह्यएक पेड मां के नाम 2.0 थीम के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं धरती को हरा भरा बनाने की मुहिम में कैंट बोर्ड सीईओ जाकिर हुसैन व समस्त स्टाफ द्वारा बारह हजार पेड़ लगाए जाने के लक्ष्य का आज एक पेड़ मां के नाम 2.0 थीम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामायण के राम एवं मेरठ सांसद अरुण गोविल के हाथों गांधी बाग में वृक्षारोपण कर किया गया। आज के इस कार्यक्रम में कनक चंपा जामुन आम व आंवला के पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर कैंट बोर्ड सदस्य डॉ सतीश शर्मा ऑफिस सुपरीटेंडेंट जयपाल सिंह तोमर एई पीयूष गौतम जेई अवधेश यादव व राजकुमार शर्मा के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं में महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी अमन गुप्ता अजय गुप्ता नितिन बालाजी विशाल कनौजिया अंकित मन्नू मनमोहन भल्ला आलोक रस्तोगी नीरज राठौर अनिल जैन रजत वालिया प्रशांत बनर्जी राहुल सोनकर वैभव सक्सैना डॉली गुप्ता सीमा अग्रवाल मुक्त जैन पूनम सिंगल मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# फरीद मियां बने भाकियू युवा विंग के टांडा नगर अध्यक्ष

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा जिला रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) युवा विंग ने नगर निवासी फरीद मियां को टांडा नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष ने वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरे समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को भाकियू से जोड़ने का प्रयास करेंगे। नगर के मोहल्ला काजीपुरा मदरसा रहमानिया के निकट निवासी फरीद मियां काफी समय से भाकियू के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हैं और संगठन के हर कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिसा लेते रहे हैं।उनकी यह प्रतिबद्धता एवं संगठन के प्रति उनकी सक्रियता व समर्पण को देखते हुए जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह गिल की संस्तुति पर युवा विंग के जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह यादव ने उन्हें टाण्डा का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। रंजीत सिंह ने कहा कि फरीद मियां संगठन की नीतियों को आगे बढ़ाएंगे और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष फरीद मियां ने वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं पूरे समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को भाकियू से जोड़ने का प्रयास करूंगा। फरीद मियां के भाकियू युवा विंग के नगर अध्यक्ष मनोनीत होने पर भाकियू के जिला सचिव साबिर अली,नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला,रफीक अहमद, लियाकत अली, रिजवान और हसीन आदि ने खुशी का इजहार किया है।

# एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के अन्तर्गत जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला न्यायालय, परिसर हाथरस में फाकस पेंजीना का पौधा लगाकर किया वृक्षारोपण

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश के अनुपालन में जनपद न्यायालय, हाथरस में जनपद न्यायाधीश विनय कुमार की अध्यक्षता में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के अवसर पर जनपद न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर जनपद न्यायाधीश विनय कुमार द्वारा फाकस पेंजीना का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, रवीन्द्र कुमार एवं अपर जनपद न्यायाधीश, कोर्ट संख्या-1, महेन्द्र श्रीवास्तव, अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रशान्त कुमार एवं जनपद के अन्य न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारीगण द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के समय जानकारी देते हुए जनपद न्यायाधीश ने कहा कि हमारे जीवन में स्वस्थ रहने के लिए वृक्षों का रहना बहुत ही आवश्यक है। वृक्ष कम होने की स्थिति में ऑक्सीजन की कमी होती है। वृक्षों की कमी से वातावरण में दूषित गैसों में बढ़ौतरी होती है। वायु प्रदूषण इसी के कारण होता है। उन्होंने कहा कि इस समय बरसात के मौसम में प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्यक लगायें और उसकी देखभाल भी करें। हमको अपनी सोच बदलनी होगी। उन्होने कहा कि जैसे हमारी सोच होगी वातावरण वैसा ही होगा यदि हमारी सोच नैगेटिव हो तो परिणाम भी नकारात्मक होगें यदि हमारी सोच पॉजीटिव है तो उसके परिणाम भी सकारात्मक होगें। इस अवसर पर वन विभाग की ओर से कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# वृक्षो की देखभाल एवं सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी-राज्यमंत्री गिरीश यादव

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** एक पेड़ माँ के नाम पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ थीम पर आज जनपद में वृहद वृक्षारोपण महाअभियान-2025 का आगाज हुआ। इस अवसर पर प्रातः 6 बजे से ही जनपद में जगह-जगह पौधारोपण के कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें सरकारी अधिकारियों/ कर्मचारियों सहित जनप्रतिनिधिगण, जनसामान्य व स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुये पौधारोपण किया गया। जनपद हेतु नामित नोडल अधिकारी/प्रबन्ध निदेशक पीसीडीएफ वैभय श्रीवास्तव ने विभिन्न पौधरोपण स्थलों का निरीक्षण किया एवं एक पेड़ माँ के नाम से पौध रोपित भी किया। जनपद में मुख्य कार्यक्रम पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय नरायनपुर में आयोजित हुआ जिसमें उ0प्र0 के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश यादव ने वृक्षारोपण महाअभियान-2025 कार्यक्रम का माँ सरस्वती के मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम में मंत्री का जिलाधिकारी ने बुके भेंटकर स्वागत किया व अन्य जनप्रतिनिधियों का स्वागत प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी जगदम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण महाअभियान कार्यक्रम में सांसद प्रतापगढ़ डा0 शिवपाल सिंह पटेल, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता, उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, महामंत्री राजेश कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी राघवेंद्र कुमार शुक्ला, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य लाल सिंह, समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी, पार्टी पदाधिकारीगण, छात्र-छात्रायें, शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# आफ्टर डार्क कैफे की आड़ में ड्रग्स की तस्करी, दो भाइयों और बहन के गैंग का पदार्फाश

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**





**बरेली।** संजयनगर में आफ्टर डार्क कैफे की आड़ में दो सगे भाई, जगजीत और गुरप्रीत उर्फ गोपी, अपनी बहन सिमरन के साथ मिलकर लंबे समय से अफीम और हेरोइन की तस्करी कर रहे थे। बरेली से एएनटीएफ ने असम की प्रियंका दास और सिमरन को गिरफ्तार कर इस गैंग का पदार्फाश किया है जबकि दोनों भाई फरार हो गए। एएनटीएफ ने प्रियंका दास को गिरफ्तार किया, जिसके पास से 211 ग्राम हेरोइन, 71,120 रुपये नकद और एक मोबाइल बरामद हुआ है। पूछताछ में प्रियंका ने बताया कि वह चार दिन पहले अपनी साथी लक्षीदास के साथ असम और नगालैंड से अफीम और हेरोइन लेकर बरेली आई थी। उसने माल जगजीत, गुरप्रीत और सिमरन को सौंपा था। रुपये मिलने पर हेरोइन की डिलीवरी भी होनी थी। प्रियंका की निशानदेही पर टीम मेगा सिटी स्थित जगजीत के घर पहुंची, जहां सिमरन को गिरफ्तार किया गया। जगजीत और गुरप्रीत संजयनगर रोड पर आफ्टर डार्क कैफे चलाते थे, जिसकी आड़ में वे ड्रग्स तस्करी करते थे। सिमरन को भी इसकी पूरी जानकारी थी। सूत्रों के मुताबिक, सिमरन की दोस्ती प्रियंका दास से गुवाहाटी में जगजीत की जमानत के दौरान हुई थी। इसके बाद प्रियंका असम और नगालैंड से मादक पदार्थ लाकर इन भाई-बहनों को सप्लाई करने लगी। एएनटीएफ पिछले चार दिन से इस मामले की गुप्त जांच कर रही थी। छापेमारी की सूचना लीक होने के कारण जगजीत और गुरप्रीत फरार हो गए। दोनों ने बचने के लिए पैरवी भी की, लेकिन लखनऊ तक मामले की जानकारी पहुंचने के बाद यह नाकाम रही। पुलिस अब कैफे की गतिविधियों की जांच कर रही है, जिसमें यह पता लगाया जा रहा है कि कैफे में कौन-कौन आता था, यह कब से चल रहा था और किसकी बिल्डिंग में संचालित था।

गुरु पूर्णिमा विशेष....

# क्यों मनाई जाती है गिरिराज धाम में मुड़िया पूनों

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** इस बार गुरुवार के दिन गुरुपूर्णिमा का विशेष पुण्य पर्व का होना अनेक वर्षों के बाद एक विशिष्ट संयोग है।

गुरुपूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है, 18 पुराणों के रचियता वेद व्यास जी का अवतार भी इसी दिन हुआ था। गुरु पूर्णिमा पर्व हमें माता पिता अपने से बडे वृद्ध एवं गुरुजनों का सम्मान करना सिखाता है, चाहे कोई आयु में, ज्ञान में, किसी भी तरह जो हमसे बड़े हैं और जिनसे हमे कोई भी शिक्षा हमें मिलती है, वे सभी हमारे आदरणीय गुरुजन कहलाते हैं!

बिना गुरुकृपा के कोई भी भवसागर से पार नहीं हो सकता, 16 कला परिपूर्ण भगवान श्री कृष्ण ने भी उज्जयिनी में गुरु चरणों में बैठकर सांदीपनि गुरु से विद्याऐं प्राप्त करके गुरुजनों का सम्मान करने की शिक्षा दी।

गिरिराज जी में संतजन अपना सिर मुड़वा कर गाय के खुर के आकार की चोटी धारण कर गुरुजनों से गुरुमंत्र दीक्षा प्राप्त करते हैं झांझ,मंजीरे,ढोल,मृदंग की थाप पर हरिनाम संकीर्तन करते हुए मानसी गंगा परिक्रमा करते हैं। भक्त इनका सिर मुड़ा देखकर इन्हें मुड़िया बाबा, कहते हैं। और इसीलिए बृजमण्डल में इसे मुडिया पूनों मेला के नाम से जाना जाता है। ये उद्‌गार गोवर्धन धाम निवासी सुप्रसिद्ध भागवत आचार्य श्री चैतन्य हरि चरत जी महाराज ने गुरुपूर्णिमा का महत्व बताते हुए व्यक्त किये। बृजभाषा में संत बाबाओं को मोड़ा भी कहते हैं जिन बाबा महात्माओं ने संसार से अपने मन मोड़कर प्रभु की भक्ति में लगा दिया, वही सच्चा बाबाजी मोड़ा है।









# डंपिंग यार्ड पर कर्मचारियों ने लगाए शोषण के आरोप ,किए कई बड़े खुलासे

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** नगर निगम मथुरा वृंदावन लगातार सुर्खियों में रहता है, तमाम तरह के घोटाले नगर निगम मथुरा वृंदावन में किए जाते रहे है और अभी भी हो रहे है। आपको बताते चले कि नगला कोलू पर बना नगर निगम का डंपिंग यार्ड में बड़े घोटाले को लेकर चचाओं में है ।बुधवार को डंपिंग यार्ड में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए बताया कि अधिकतर कर्मचारी वर्ष 2019-20 में डूडा के माध्यम से नगर निगम में लगे थे और डंपिंग यार्ड में कार्य कर रहे थे। न तो कभी हमें सेफ्टी के लिए कुछ दिया गया और न ही कभी हमारा मेडिकल कराया गया। जबकि डंपिंग यार्ड पर तमाम तरह के कीटाणु और जहरीले गैस निकलती रहती है।

मगर किसी ने हम और हमारे स्वास्थ पर ध्यान नहीं दिया। ना कभी पीपीए किट, मास्क और न ही गीलप्स उपलब्ध कराए गए जिसके कारण हमारे शरीर के अंदर तमाम तरह की बीमारियां होने की आशंका बनी हुई है ।सुविधाएं न होने के बाद भी हमने पूरी निष्ठा के साथ नगर निगम में कार्य किया मगर फिर भी इन मतलबी लोगों को हमारी कोई चिंता नहीं है। हाल ही में एक नई कम्पनी को टेंडर दिया गया है जिसमें हम डूडा कर्मचारियों को कम्पनी के अंतर्गत कार्य करने के लिए बोला जा रहा है। और अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार के द्वारा कहा गया कि कम्पनी के अंतर्गत करना है तो करो नहीं तो नौकरी छोड़ कर चले जाओ। जबकि अपनी जान हथेली पर रख कर हम इस जहरीली जगह पर पिछले कई सालों से नौकरी कर रहे है। मगर इन्हें न तो हमारी परवाह है और नहीं हमारे बच्चों को। पिछले लगभग 2 महीने से हमारी सैलरी भी नहीं मिली है जिसके कारण हमारे बच्चे भूखे रहने के लिए मजबूर है। वही उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि 2019- 20 से लेकर आज तक यहां आग को लेकर कोई उपकरण मौजूद नहीं थे। जबसे ईमानदार और साफ छवि के नगर आयुक्त आए है तब से करीब 2 महीने से अब जाके एक पाइप लाइन बिछाई गई है। जबकि कई बार खत्ते में आग लग चुकी है और उसका पूरा आरोप हम गरीब मजदूरों पर डाल दिया जाता है। जबकि किसी भी तरह के उपकरण ना होने के कारण तत्काल आग पर काबू नहीं पाया जाता ।वही उन्होंने बताया कि पिछले करीब 2 सालों से सभी मशीनें खराब पड़ी हुई है, जिसके कारण कूड़े का निस्तारण पिछले करीब 2 सालों से नहीं हो पा रहा है। परिणाम स्वरूप यहां कूड़े का पहाड़ बनता जा रहा है ।और आरोप कर्मचारियों के ऊपर डाल दिया जाता है। वही उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले दयाचरण एंड कम्पनी को इसका टेंडर दिया गया था जोकि मात्र 20 से 25 परसेंट ही कूड़े का निस्तारण कर पाई थी। जिसके कारण भी यहां कूड़े का ढेर बढ़ा गया। वही उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि जब कोई जांच आती तो हल्की फुल्की जुगाड लगाकर कर मशीनें चला दी जाती है और हमें सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करा दिए जाते है और जैसे ही जांच गई, सब कुछ वैसे ही पुरानी तरह से चलता रहता है। खराब मशीनों का मेंटिनेंस सिर्फ कागजों में हो जाता है और धरातल पर आज तक कुछ नहीं हुआ ।वही उन्होंने बताया कि कई तरह की जहरीले गैसे यहां से निकलती है जिनके कारण हमारे हाथ पैरों में जलन और खुजली जैसी बीमारियां बनी रहती है। वही उन्होंने मीडिया के माध्यम से नगर आयुक्त जग प्रवेश से अपील करते हुए कहा कि हमारे द्वारा दी जा रही प्राणों की आहुति को देखते हुए हमें नगर निगम के अधीन ही डंपिंग यार्ड में रखा जाए या फिर किसी वार्ड में सफाई कर्मचारी की जिम्मेदारी दे दी जाए। जिससे कि हमारे बच्चों का भविष्य खराब न हो। जब इस सम्बन्ध में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार से बात की गई तो कैमरे के सामने ना आते हुए फोन के माध्यम से बताया कि किसी भी कर्मचारी को कम्पनी के अंडर नहीं दिया जाएगा ।सब नगर निगम में ही कार्यरत रहेंगे।

# राज्यसभा सांसद ने लाइब्रेरी भवन का फीता काटकर किया लाकार्पण

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** राज्यसभा सांसद निधि के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में बने लाइब्रेरी भवन का लाकार्पण एवं कलेक्ट्रेट परिसर में पार्क निर्माण कार्य एवं विकास भवन से लेकर साड़ी तिराहा तक सार्वजनिक उद्यान, पार्क निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद राज्यसभा बृजलाल, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान एवं जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा बुधवार को फीता काटकर एव शिलापट का अनावरण कर किया गया ।उद्घाटन के पश्चात सांसद राज्यसभा द्वारा लाइब्रेरी का भ्रमण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा स्वलिखित पुस्तक लाइब्रेरी हेतु जिलाधिकारी को भेट किया गया। राज्यसभा सांसद बृजलाल द्वारा बताया गया कि ये लाइब्रेरी एक दम निशुल्क होगी, आजकल देखा जा रहा कि नौजवान तबका किताबो से दूरी बना लिया है, ज्यादातर मोबाइल में बिजी रहता है ।इस लाइब्रेरी का बनाना मेरा मकसद था कि लोगो को मोबाइल से दूर करना और लोगो तक इतिहास और मेरे सर्विस काल के दौरान हुई घटनाओ का जानकारी लोगो तक पहुचाना और देखिएगा आने वाले दिनों में लोग लाइब्रेरी से जरूर जुड़ेंगे और इसका फायदा उठाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि मेरे द्वारा आधा दर्जन से अधिक किताबे लिखी गयी है जो हिंदी इंग्लिश और गुजराती भाषा मिलाकर है। इसके पश्चात सांसद राज्यसभा बृजलाल, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान एवं जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 एवं अन्य लोगो द्वारा पौधरोपण किया भी किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी ज्ञानप्रकाश, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, उपप्रभागीय वनाधिकारी बीना त्रिपाठी, रेंजर राजेश कुशवाहा एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# विद्युत निजीकरण के विरोध में बिजलीकर्मियों का धरना प्रदर्शन



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति बैनर तले विद्युत निगम के कर्मचारियों ने बुधवार को विद्युत कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया। सरकार शोषण करने का आरोप लगाया। निजीकरण वापस लेने की मांग उठाई। मांगे पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी भी दी। इस दौरान बड़ी संख्या में विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

# सिंभावली पुलिस की प्रभावी पैरवी पर दुष्कर्म के चार दोषियों को( पोक्सो एक्ट कोर्ट) ने अंतिम सांस तक की सजा सुनने के साथ 60000 के अर्थ दंड से किया दंडित

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़/सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव निवासी व्यक्ति के द्वारा अपनी नाबालिग 15 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म के मामले को लेकर 2022 में सिंभावली थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। जिसमें सिंभावली पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते अपर न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश( पोक्सो एक्ट ) ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने सुनवाई के दौरान दुष्कर्म के चार आरोपियों राहुल,गौरव, मनवीर उर्फ मोनू, अजय वीर उर्फ अज्जू को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास ( अंतिम सांस ) की सजा सुनाने के साथ 60000 रुपए का अर्थ दंड भी लगाया है। अभियोजन पक्ष हरेंद्र त्यागी के अनुसार वर्ष 2022 में सिंभावली थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी 5 6 माह की गर्भवती हैं। पीढ़ी थाने पूछताछ में खुलासा किया कि गांव के राहुल ने डरा धमकाकर कई माह तक उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और आरोपी ने उसकी अश्लील फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। जांच के दौरान पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि राहुल के अलावा गौरव, मनवीर उर्फ मोनू और अजय वीर उर्फ अज्जू ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर सभी चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। जिसमें अपर न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश ( पोक्सो एक्ट ) ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने चारों दोषियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास ( अंतिम सांस ) की सजा सुनाने के साथ ?7000 के अर्थ दंड से दंडित किया है।

# विधायक, जिलाधिकारी, कप्तान ने परिक्रमार्थियों पर की पुष्प वर्षा



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** विश्व प्रसिद्ध राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला 2025 में माननीय विधायक गोवर्धन ठाकुर मेघश्याम सिंह जी, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी सदर अभिनव जे जैन आदि ने पवित्र गोवर्धन परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों एवं पर्यटकों पर पुष्प वर्षा किया। पुष्प वर्षा का नजारा देखने लायक था। अधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा से स्वागत किया। श्रद्धा के इस महापर्व को पुष्प वर्षा ने चांद चांद लगाए।

# पशु चिकित्सक के साथ आधा दर्जन लोगों ने की मारपीट, हालत गंभीर

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे के मलकपुर रोड पर आधा दर्जन युवकों ने पशु चिकित्सक को फोन कर आम के बाग में बुला लिया और लाठी डंडों से जमकर मारपीट की। मारपीट में पशु चिकित्सक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मामले में पीड़ित के मामा ने यूपी पुलिस के सिपाही सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव गढी श्याम निवासी मोहित पुत्र तेजपाल पशु चिकित्सक है। आरोप है कि गांव का ही यूपी पुलिस का सिपाही अनिकेत पुत्र विनोद पीड़ित से रंजिश रखता है। बुधवार को पशु चिकित्सक मोहित को अनिकेत ने फोन कर बताया कि कांधला में मलकपुर रोड पर एक आम के बाग में एक पशु पड़ा हुआ तड़प रहा है। जैसे ही पशु चिकित्सक मोहित आम के बैग में पहुंचा तो आरोप है कि पहले से ही मौजूद यूपी पुलिस के सिपाही अनिकेत, अभिषेक पुत्र विनोद, शुभम पुत्र भीम व तीन अज्ञात लोगों ने पशु चिकित्सक मोहित को दबोच लिया। आरोप है कि सिपाही अनिकेत ने पशु चिकित्सक के मुंह में पिस्टल अड़ा दिया और लाठी डंडों व धारदार हथियारों से मारपीट कर पशु चिकित्सक को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# थाना राजातालाब में माँ के आंचल सी छांव वृक्षारोपण को मिली नई पहचान

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी मिजार्मुराद।** एक पेड़ माँ के नाम इस अभियान के तहत बुधवार को एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसीपी राजातालाब ने क्षेत्र से आम व अमरूद के पौधों का रोपण कर पर्यावरण के इस महायज्ञ में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इस अभियान की खास बात यह रही कि यह वृक्षारोपण किसी सरकारी आदेश या औपचारिकता के तहत नहीं, बल्कि एक भावनात्मक संबंध माँ के नाम समर्पित भाव के साथ किया गया ।यह कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित वृक्षारोपण महाभियान 2025 के अंतर्गत किया गया। इस मौके पर थाना राजातालाब के स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को भावनात्मक धरातल पर आमजन से जोड़ना है, जिससे लोग इसे सिर्फ एक दायित्व नहीं बल्कि एक स्नेहमयी श्रद्धांजलि के रूप में ग्रहण करें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस एसीपी अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, जैसे माँ की ममता की छांव में हम जीवन भर सुरक्षित महसूस करते हैं, ठीक उसी प्रकार एक वृक्ष की छांव हमें गर्मी, धूप और बारिश से बचाकर हमारी रक्षा करता है। माँ जीवन देती है।

# घर में घुसकर मारपीट करने पर पिता पुत्र का चालान



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** पुलिस ने 10 वर्ष पुर्व मुकदमे में घर में घुसकर मारपीट गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी देने के मामले में फरार चल रहे पिता पुत्र को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया। एसपी शामली रामसेवक गौतम ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र से वांछित व वारंटियों को पकड़ने के निर्देश दे रखे हैं। बुधवार को पुलिस ने कस्बे के सलेमपुर मार्ग पर एक मकान में दबिश देकर हाशिम पुत्र मीरजंग व मोहसिन पुत्र हाशिम पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया, पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि वर्ष 2014 में कस्बा निवासी व्यक्ति ने दोनों पिता,पुत्र पर घर में घुसकर मारपीट कर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का अभियोग पंजीकृत कराया था। आरोपी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं हो रहें थे वारंट जारी होने पर दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# गिरिराज भक्तों का स्वागत पुष्प वर्षा के साथ नगर पंचायत अध्यक्षा ने श्रद्धालुओं पर की पुष्प वर्षा



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** संत सियाराम दास महाराज के सानिध्य व विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह के विशेष उपस्थिति में नगर पंचायत अध्यक्षा प्रभा मनीष लंबरदार ने परिक्रमार्थी श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। नगर पंचायत की तरफ से 1 हजार किलो फूलों की पंखुड़ियां की बौछार करने में विधायक के साथ, विप्रा उपाध्यक्ष एस बी सिंह सपत्नीक, अपर जिलाधिकारी वित्त ब राजस्व डॉ पंकज वर्मा, तहसीलदार गोवर्धन मनीष कुमार, ई ओ चैतन्य तिवारी, सभासद सुरेंद्र गुप्ता उर्फ ब्रिजो, सभासद अमित गोस्वामी, चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार, चेयरमैन सौंख योगेश लंबरदार ,भगवानदास लंबरदार, पूर्व मंडल अध्यक्ष ठाकुर परशुराम सिंह, सहित नगर पंचायत कर्मियों ने जम कर पुष्प बौछार की।

# एक पेड़ मां के नाम को लेकर किया गया पौधारोपण - डॉ मधु गुप्ता

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**



**बरेली।** इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस की तरफ से मानसिक चिकित्सालय बरेली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम का बृहद उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी बरेली देवियानी, निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक मानसिक चिकित्सालय डॉक्टर पुष्पा पंत एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विश्राम सिंह, डॉक्टर मधु गुप्ता, डिविजनल प्रोग्राम मैनेजर शाहिद हुसैन, मंडलीय शहरी स्वास्थ्य कंसल्टेंट डॉक्टर गंगाशरण द्वारा वृक्षारोपण करके किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता द्वारा बताया गया कि भारत सरकार द्वारा एक अनोखी पहल एक पेड़ मां के नाम एक अलग ही स्फूर्ति एवं अपनापन का एहसास दिलाती है क्योंकि आज के बदलते परिवेश एवं प्रदूषित वातावरण में सांस लेना मानो असंभव सा हो गया है यदि हम पौधारोपण न करे तो इस पर्यावरण में जी नहीं पाएंगे यह वृक्षारोपण अभियान न केवल हरियाली को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखता है बल्कि मातृत्व की भावना को भी दशार्ता है जो माताओं के प्रेम और देखभाल को भी प्रतिबिंबित करता है क्योंकि हमारी मां के बाद एक पेड़ ही ऐसा साथी है जो हमारा हमेशा ही साथ देता है एवं हमे हमेशा ही अपनी मां का स्मरण करता रहता है। पर्यावरण स्थिरता और सामुदायिक सहभागिता ही हम मुख्य उद्देश्य है, आइए हम सब मिलकर एक हरित भविष्य की दिशा में मिलकर कार्य करें। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज की तरफ से हिरदेश कुमार, सरस्वती एवं सुनीता, छाया, मनीष कुमार, एवं इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस की तरफ से वैशाली अग्रवाल, सुरभि, डॉक्टर ममता एवं डॉक्टर कविता, अफ़जा, अनीता, रीना अंजू, ज्योति, ललिता, कमलेश एवं मीना के साथ मानसिक चिकित्सालय के समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत आबकारी अधिनियम के तहत झिरोली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**बागेश्वर,** आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत जिला पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके द्वारा सभी थाना प्रभारियो को अपने–अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत अपराधियो के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी कपकोट मनीष शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे सघन चैकिंग अभियान* के तहत थानाध्यक्ष झिरौली मनवर सिंह के नेतृत्व में झिरौली पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गतसघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ।चेकिंग के दौरान थानाध्यक्ष रेखोली, बौडी क्षेत्र में शांति व्यवस्था देखने भृमण पर गए थे, जहा बौडी के पास सुरेश सिंह निवासी सिया, थाना झिरौली को 30 अद्दे देशी मसालेदार गुलाब बाजपुर माल्टा मार्का, 13 बोतल मैक्डवल रम व एक बोतल बरमूडा रम ( कुल 29 बोतल अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना झिरौली में धारा 60 आबकारी एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया ।गिरफ्तार करने वाली टीम मेंअपर पुलिस उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह भाकुनी हेड कांस्टेबलप्रमोद रावत ,कुंदन कठायत प्रकाश जोशी आदि थे।

# पंजाबी संगठन एवं महिला पंजाबी संगठन ने पौधारोपण कार्यक्रम का किया आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मोदीपोन परिसर, मोदीनगर में पौधारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस पर्यावरणीय पहल का आयोजन पंजाबी संगठन मोदीनगर, महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर तथा लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा मोदीनगर की विधायक श्रीमती मंजू शिवाच, तहसीलदार रजत सिंह , अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्रा, एवं नगरपालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली का, जिनकी सक्रिय भागीदारी एवं मार्गदर्शन से कार्यक्रम को नई ऊंचाई मिली।इस अवसर पर लगभग 30 वृक्षों का रोपण किया गया, जिससे न केवल परिसर हरा-भरा बना, बल्कि शहरवासियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश भी मिला। इस आयोजन में पंजाबी संगठन मोदीनगर के अध्यक्ष अजय ग्रोवर, विजय मेहरा, संजय नैयर, राहुल बहरी, रमेश खुराना एवं रौनक अरोड़ा ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। वहीं महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैयर, हर्षिता चौधरी, गीता मोहन अरोड़ा, डॉ. सुषमा त्यागी, एवं विशाखा मित्रा भी इस सराहनीय प्रयास में शामिल रहीं। पंजाबी संगठन एवं महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर ने यह संदेश दिया कि वे समाज और पर्यावरण के हित में सदैव अग्रणी रहेंगे।

# केआईईटी द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मुरादनगर (अनिल वशिष्ठ)।** धरती माँ के संरक्षण की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई सराहनीय पहल पेड़ लगाएं, जीवन बचाएं एवं एक पेड़ माँ के नाम जन भागीदारी के माध्यम से 37 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह अभियान न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए हरित और स्वच्छ भविष्य सुनिश्चित करने का एक प्रभावशाली प्रयास भी है।इस महान उद्देश्य में योगदान देते हुए, केआईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा अपने परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक अकादमिक, डॉ. आदेश पांडे, एसोसिएट डीन-छात्र कल्याण, डॉ. प्रतिभा कुमारी, डीन मैकेनिकल इंजीनियरिंग, डॉ. आशीष कर्णवाल के साथ-साथ विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस अवसर पर डॉ. आदेश पांडे (निदेशक अकादमिक) ने कहा, यह अभियान हमारे संस्थान की स्थायित्व और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को दशार्ता है। वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण के लिए अनिवार्य है, बल्कि यह भावी पीढ़ियों के लिए एक हरित धरोहर है। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने अपने माँ अथवा प्रियजनों के नाम एक पेड़ लगाकर प्रकृति के प्रति अपना सम्मान एवं स्नेह प्रकट किया।

# सुदर्शन राष्ट्र निर्माण संस्था ने संगठन का किया विस्तार



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** सुदर्शन राष्ट्र निर्माण संस्था ने तहसील मोदीनगर स्तर पर अपनी टीम का विस्तार किया है। जिसमें तहसील मोदीनगर मे सुदर्शन राष्ट्र निर्माण के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ पवन आर्या, राष्ट्रीय महासचिव मुकेश पाण्डेय ने नवनियुक्त पदाधिकारियो को नियुक्ति पत्र देकर किया। जिसमे अवधेश शर्मा को प्रदेश प्रवक्ता, जितेन्द्र उज्जवल को जिला मन्त्री, व विशाल शर्मा को जिला उपाध्यक्ष पद के नियुक्ति पत्र सौंप गए।

# गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज मे किया गया पौधारोपण

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** जनपद गाजियाबाद में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज मोदीनगर में आवंटित 500 वृक्षों के रोपण के सापेक्ष में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा के निर्देशन में मुख्य अतिथि सुदेश शर्मा (पूर्व विधायक मोदीनगर) तथा समाजसेवी संजय गुप्ता के द्वारा महाविद्यालय परिसर में अमरूद के वृक्ष का रोपण किया गया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार के द्वारा भी वृक्ष का रोपण किया गया।मुख्य अतिथि सुदेश शर्मा ने छात्राओं को इन पौधों के संरक्षण एवं रोपण के समय दो पौधों के मध्य उचित दूरी की आवश्यकता के विषय में बताया।प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को 'एक पौधा मां के नाम' रोपित करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का संचालन इको क्लब की संयोजिका डॉक्टर ऋषिका पांडे व एनसीसी प्रभारी सुश्री मंजू कन्नौजिया के द्वारा किया गया। एनसीसी के समस्त कैडेट्स तथा 100 छात्रों के साथ महाविद्यालय परिवार रविंद्र कुमार, डॉक्टर नूतन सिंह, डॉक्टर आकांक्षा सारस्वत, डॉक्टर सारिका गर्ग सुश्री शिवानी, डॉक्टर गीता त्यागी, श्रीमती अनीता तथा डॉ सारिका त्यागी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# थाना दुधारा पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**संत कबीर नगर।** बुद्धवार को दुधारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चिउटना नहर पुलिया के पास से छापा मारकर गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बंधित न्यायालय भेज दिया।

थाना प्रभारी दुधारा इन्द्रभूषण सिंह के नेतृत्व में व0उ0नि0 प्रमोद कुमार यादव, का0 दीपक सिंह ने मुखबिर की सूचना चिउटना नहर पुलिया के पास से छापा मारकर मु0अ0सं0 595/ 2025 धारा 2(ु)(1), 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम थाना कोतवाली खलीलाबाद से सम्बन्धित अभियुक्त सुजीत विश्वकर्मा पुत्र रामप्रसाद विश्वकर्मा निवासी पेवनपुर थाना गीडा जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष इन्द्र भूषण सिंह ने बताया कि अभियुक्त सुजीत विश्वकर्मा के विरुद्ध कोतवाली खलीलाबाद में मु0अ0सं0 615/2024 धारा 309(4), 317(2) बीएनएस, मु0अ0सं0 760/2024 धारा 305, 317(2), 331(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज था।

# देश की सुरक्षा के लिए खतरा बन रहें हैं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म : प्रिन्स कंसल

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकियों को फंडिंग के मामले की जांच करने और इस पर लगाम लगाने के लिए सुझाव देने वाली वैश्विक एजेंसी फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने ई-कॉमर्स और ऑनलाइन पेमेंट सुविधाओं को एक नए खतरे के तौर पर चिह्नित करते हुए उनकी निगरानी की मौजूदा व्यवस्था को और दुरुस्त करने की बात कही है एफएटीएफ की ओर से मंगलवार को जारी रिपोर्ट में वर्ष 2019 में पुलवामा हमले और वर्ष 2022 के गोरखनाथ मंदिर पर हुए हमले का जिक्र किया गया है इसमें बताया गया है कि पुलवामा हमले के लिए आतंकियों ने जो आरडीएक्स तैयार किया था।उसे बनाने के लिए उन्होंने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अमेजॉन से जरूरी केमिकल मंगाया था। जिसका इस्तेमाल विस्फोट के असर को बढ़ाने के लिए किया गया था इस हमले में भारत के 40 जवान शहीद हो गए थे।इसके अलावा गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े आतंकी भी ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफार्म का इस्तेमाल किया करता था। इस मामले में देश के प्रमुख व्यापारिक/औद्योगिक संगठन इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय महामंत्री प्रिन्स कंसल ने बताया है कि ऐसी घटनाओं को देखकर लगता है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म देश की सुरक्षा के लिए खतरा बन रहे हैं। इस खतरे से देश को सुरक्षित रखने के लिए गृह मंत्रालय को कठोर नियम बनाने चाहिए साथ ही यह भी आकलन करना चाहिए कि ऐसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों के कारण ही देश के करोडों खुदरा व्यापारियों के सामने जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो रहा है,एक तरफ यह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म देश की सुरक्षा एवं संप्रभुता के लिए खतरा बन रहे हैं वहीं दूसरी ओर करोडों व्यापारियों के आर्थिक हितों पर चोट कर रहे हैं।ऐसे में इन प्लेटफॉर्मों पर लगाम लगाया जाना अति आवश्यक हो गया है। गौरतलब है की एफएटीएफ में दुनिया के 40 प्रमुख देश शामिल हैं यह संस्था आतंकियों को फंडिंग वित्तीय लेनदेन के मामलों की निगरानी करती है।

# महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में वृक्षारोपण महोत्सव

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज गोविंदपुरी मोदीनगर में वृक्षारोपण महोत्सव के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के पूर्व विधायक सुदेश शर्मा ने शिरकत की और विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया।पूर्व विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।ये न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और उनका संरक्षण करें।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अंशु सिंह एवं प्रबंधक अनुज कुमार ने अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करते हैं और उन्हें प्रकृति से जोड़ते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण रवि भूषण गौतम हरीश बाबू राजीव मैतरे संगीता सिंह सतीश कुमार दीपक कुमार कल्पना वर्मा अनीता ढाका विजय कुमार , तथा बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया, जिसमें सभी को वृक्षों की देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया।

# एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने किये वृक्षारोपण

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित वृक्षारोपण महा अभियान 2025 के अन्तर्गत गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाये जाने के सम्बन्ध में जारी दिशा निदेर्शों के कम में कल्याण सिंह राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय बुलन्दशहर में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ एवं ₹पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ' आदि स्लोगन के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के लगभग 840 वृक्षों को रोपित किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा महाविद्यालय के संकाय सदस्य, वरिष्ठ चिकित्सक, सीनियर रेजीडेन्ट, एम०बी०बी०एस० के छात्र-छात्र कर्मचारीगण एवं सुरक्षाकर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डा० मनीषा जिंदल ने चिकित्सा महाविद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाने का लक्ष्य लिया जिसके अन्तर्गत समय-समय पर शोभाकार प्रजाति एवं अन्य छायादार वृक्ष लगाए जाएंगे। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डा० धीर सिंह उपप्रधानाचार्य डा० रोहित कुमार वार्ष्णीय, विशेष कार्याधिकारी डा० विनोद कुमार, डा० सुधीर गुप्ता, डा० पूजा रस्तोगी, डा० प्रांशी, डा० अभिषेक शर्मा, ठा० यशवीर सिंह देशवाल, डा० नताशा सिंह, डा० सत्येंद्र सारस्वत, डा० प्रदीप तिवारी, एवं सुरक्षा सुपरवाईजर प्रेमवीर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# चिकित्सा संस्थानों पर मरीजों को उपलब्ध हो बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं - डॉ. मीणा

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान ।** जिले में आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने तथा विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आंगई तथा बरौली का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संस्थानों पर महिला पुरुष वार्ड, दवा वितरण केंद्र, प्रसव कक्ष, जांच कक्ष तथा उपलब्ध संसाधनों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने लेबर रूम में सभी आवश्यक उपकरण, स्टाफ एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओ का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गए। साथ ही सभी चिकित्सा अधिकारियों एवं स्टाफ को यूनिफॉर्म में रहने, चिकित्सा संस्थान में सभी दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण सेवायें देने के निर्देश दिए।इस दौरान उन्होंने लंबित विशेष योग्यजन पहचान पत्र की प्रगति की समीक्षा की।साथ ही टीबी स्क्रीनिंग की भी समीक्षा की।उन्होंने निरीक्षण के दौरान चिकित्सा संस्थानों में मरीजों को दी जा रही सेवाओं का फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौली पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया। साथ ही आंगई में श्री अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण कर चख कर भोजन की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान कम्युनिटी एम्पावरमेंट लैब के प्रतिनिधि विरल शाह, जिला कार्यक्रम अधिकारी शशांक वशिष्ठ भी साथ रहे। मजबूत होगा चिकित्सा संस्थानों का आधारभूत ढांचा_ सीएमएचओ डॉ. मीणा ने बताया कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ के निर्देश पर चिकित्सा संस्थानो के आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण तथा आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता के लिए कम्युनिटी एमपावरमेंट लैब के द्वारा सर्वे करवाया जा रहा है सर्वे के बाद रिपोर्ट मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद को सौंपी जाएगी जिसके पश्चात आवश्यकता अनुसार चिकित्सा संस्थानों पर सुदृढ़ीकरण कार्य करवाया जाएगा।

# तेरह जुलाई को सहारा जीवन के संपादक को आसनसोल में किया जाएगा सम्मानित

मोहम्मद असलम



**अमेठी।** जनपद निवासी सहारा जीवन के संपादक संतोष कुमार श्रीवास्तव को पश्चिम बंगाल के आसनसोल में 13 जुलाई को विद्या रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।इंटरनेशनल एक्यूटेबल ह्यूमन राइट सोशल कॉन्सिल के चेयरमैन संजय सिन्हा ने बताया कि विद्या रत्न सीजन मेगा एजुकेशन आइकन अवार्ड 2025 व ह्यूमन राइट वर्कशॉप का आयोजन आसनसोल के रविन्द्र भवन बी एन आर मोर के भव्य प्रांगण में 13 जुलाई को शाम 4 बजे किया गया है। उन्होंने बताया कि जो भारत सरकार की रजिस्टर्ड संस्था इंटरनेशनल एक्यूटेबल ह्यूमन राइट सोशल काउंसिल पूरे देश में अलग अलग प्रदेशों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करती है।कार्यक्रम में राम कृष्ण मिशन आसनसोल के सचिव सोमात्मा नंदा जी, संसद शत्रुघ्न सिन्हा, श्रम एवं कानून मंत्री पश्चिम बंगाल, जिलाधिकारी पश्चिम वर्धमान, मेयर नगर निगम आसनसोल, पुलिस उपयुक्त ट्रैफिक, पश्चिम वर्धमान जिला परिषद के सभापति, उपाध्यक्ष नगर निगम, एसडीएम आसनसोल के साथ कई अन्य राजनीतिक व प्रशासनिक व्यक्ति अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

# सनातन धर्म की संस्कृत व संस्कृति की उत्पत्ति! गुरु के चरणों से ही होकर प्रारंभ होती है!

वेलकम इंडिया





गाजियाबाद नवयुग मार्केट अन्नपूर्णा बैंकट हॉल व्यास पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि सब गुरु चेला कोई नहीं₹ यह एक प्रसिद्ध पंक्ति है जो गुरु-शिष्य परंपरा और आध्यात्मिक ज्ञान के संदर्भ में उपयोग होती है। इसका अर्थ है कि ₹कोई भी पूर्ण गुरु नहीं है और न ही कोई पूर्ण शिष्य है₹, या ₹गुरु और शिष्य दोनों ही एक ही सिक्के के पहलू हैं, दोनों ही सीखने और सिखाने की प्रक्रिया का हिस्सा हैं₹। भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान के समान माना जाता है, क्योंकि गुरु ही अज्ञान के अंधकार को दूर करके ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। गुरु, शिष्य को सही मार्ग दिखाते हैं और उसे सांसारिक दुखों से मुक्ति दिलाते हैं। गुरु की महिमा का वर्णन शास्त्रों और संतों द्वारा किया गया है, और इसे अनंत बताया गया है। गुरु की महिमा को समझने के लिए, हमें गुरु के महत्व को समझना होगा, गुरु वह व्यक्ति है जो हमें ज्ञान, दिशा और जीवन के सही उद्देश्य को समझने में मदद करता है। वह हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम बनाता है और हमें आत्म-जागरूकता की ओर ले जाता है। हमारे जीवन में गुरु का विशेष महत्व होता है। भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान से भी बढ़कर माना जाता है। संस्कृत में ह्यगुह्ल का अर्थ होता है अंधकार (अज्ञान) एवं रु का अर्थ होता है प्रकाश (ज्ञान)। गुरु हमें अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाते हैं। गुरु को महत्व देने के लिए ही महान गुरु वेद व्यासजी की जयंती पर गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। आषाढ़ माह की पूर्णिमा के दिन गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया जाता है। इस पर्व को हिन्दू ही नहीं बल्कि जैन, बौद्ध और सिख धर्म के लोग भी मनाते हैं। माता और पिता अपने बच्चों को संस्कार देते हैं, पर गुरु सभी को अपने बच्चों के समान मानकर ज्ञान देते हैं। गुरु और शिक्षकों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। एक विद्यार्थी के जीवन में गुरु अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। गुरु के ज्ञान और संस्कार के आधार पर ही उसका शिष्य ज्ञानी बनता है। गुरु की महत्ता को महत्व देते हुए प्राचीन धर्मग्रन्थों में भी गुरु को ब्रह्मा, विष्णु और महेश के समान बताया है। एक व्यक्ति गुरु का ऋण कभी नहीं चूका पाता है। गुरु मंदबुद्धि शिष्य को भी एक योग्य व्यक्ति बना देते हैं। संस्कार और शिक्षा जीवन का मूल स्वभाव होता है। इनसे वंचित रहने वाला व्यक्ति बुद्धू होता है। गुरु के ज्ञान का कोई तोल नहीं होता है।

# गुरु पूर्णिमा पर भाजपा सभी 20 मंडलों में करेगी गुरुजनों, महंतों एवं पुजारियों का सम्मान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 10 जुलाई 2025 (बृहस्पतिवार) को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व के अवसर पर भाजपा महानगर गाजियाबाद द्वारा सभी 20 मंडलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर गुरु परंपरा का सम्मान किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में सभी जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे और गुरुजनों को सम्मानित कर उन्हें भेंट स्वरूप गुरु दक्षिणा अर्पित करेंगे।

इन आयोजनों के अंतर्गत प्रत्येक मंडल में स्थानीय गुरु, महंत, संतजन, आचार्य, पुजारी एवं विद्वान गुरुओं का पुष्पवर्षा, अंगवस्त्र, श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंट कर अभिनंदन किया जाएगा साथ ही साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया जाएगा। पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी इस पावन अवसर पर गुरुजनों का चरण वंदन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। श्री मयंक गोयल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी ऊंचा स्थान प्राप्त है। ह्लगुरु गोविंद दोउ खड़े, काके लागूं पायह्न जैसी पंक्तियाँ हमारी परंपरा की महानता को दर्शाती हैं। भाजपा इस संस्कृति को आत्मसात करते हुए समाज के मार्गदर्शक गुरुओं, संतों और आचार्यों के सम्मान को अपना कर्तव्य मानती है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मंडल में मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, वार्ड संयोजक एवं शक्ति केंद्र संयोजक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर आयोजन की जिम्मेदारी निभाएंगे। इस पुण्य कार्य में जनप्रतिनिधि, पार्षद, पदाधिकारी, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा सहित सभी प्रकोष्ठ सक्रिय रूप से सहभागिता करेंगे। यह आयोजन न केवल गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का माध्यम है, बल्कि समाज में आध्यात्मिक चेतना एवं भारतीय संस्कृति के मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह आईएएस में हुए प्रोन्नत



प्राधिकरण स्टाफ के द्वारा दी गई शुभकामनाएं उत्तर प्रदेश के 22 पीसीएस अफसरों को मिली प्रान्नति के साथ गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार सिंह भी आईएएस में प्रोन्नत हुए हैं। प्राधिकरण के सचिव के आई ए एस में प्रोन्नत होने पर प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के साथ साथ प्राधिकरण के साथीं अधिकारियों और अन्य स्टाफ के द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दी गई।

# एंटी करप्शन की बड़ी कार्रवाई, सहायक श्रमायुक्त कार्यालय में रिश्वतखोरी रंगे हाथ पकड़ी गई

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद में भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसते हुए एंटी करप्शन की टीम ने बुधवार को लोहियानगर स्थित सहायक श्रमायुक्त कार्यालय से दो कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में स्टेनो अमित कुमार और संविदाकर्मी कंप्यूटर ऑपरेटर भुवनेश शर्मा को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। आरोपियों के खिलाफ सिहानी गेट थाने में एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद निवासी आशीष त्यागी ने एंटी करप्शन विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पिता, जो कि रोडवेज बस चालक थे, वर्ष 2009 में एक हादसे का शिकार हो गए थे और उनका निधन हो गया था। हादसे के बाद रोडवेज विभाग द्वारा मृतक चालक की पत्नी (आवेदक की मां) के नाम पर क्षतिपूर्ति के तौर पर 71,000 और 67,000 के दो चेक भेजे गए, जिन्हें लेबर कोर्ट के जरिए जारी किया जाना था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि यह रकम पाने के लिए जब वे सहायक श्रमायुक्त कार्यालय पहुंचे, तो वहां तैनात स्टेनो अमित कुमार ने भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के बदले 10,000 की रिश्वत की मांग की। यही नहीं, आरोप है कि इस भ्रष्टाचार में कंप्यूटर ऑपरेटर भुवनेश शर्मा की भी संलिप्तता थी, जो रिश्वत के लेन-देन में सहयोग कर रहा था।

# गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने वृक्षारोपण महाभियान में लगाए 9,240 पौधे

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के बहुप्रतीक्षित 'वृक्षारोपण महाभियान-2025ज के अंतर्गत गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मील का पत्थर स्थापित किया है। सोमवार को पूरे जनपद में फैले थानों, कार्यालयों और पुलिस लाइन्स (परेड ग्राउंड) पर एक साथ कुल 9,240 पौधों का रोपण किया गया। इस अभियान के माध्यम से पुलिस विभाग ने यह संदेश दिया कि पर्यावरण की सुरक्षा केवल वन विभाग की नहीं, हर विभाग की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने विशेष रूप से पुलिस लाइन्स परेड ग्राउंड पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भाग लिया और पौधारोपण कर अभियान की शुरूआत की। पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ ने भी अपने हाथों से पौधा लगाकर इस महाअभियान में नेतृत्व प्रदान किया। पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़ ने कहा कि गाजियाबाद पुलिस पर्यावरण के प्रति अपने उत्तरदायित्व को भलीभांति समझती है। पौधारोपण सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढियों के लिए एक स्थायी योगदान है। 'एक पेड़ माँ के नामज हमारे भीतर भावनात्मक जुड़ाव पैदा करता है और हमें प्रकृति के प्रति श्रद्धा सिखाता है। वहीं सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि गाजियाबाद ने आज न केवल पौधे लगाए हैं, बल्कि प्रकृति के साथ जुडे का संकल्प भी लिया है।

पुलिस विभाग द्वारा किया गया यह कार्य अनुकरणीय है, और यह दिखाता है कि जब प्रशासनिक संस्थाएं आगे बढ़ती हैं, तो समाज अपने आप जुड़ जाता है। इस महाअभियान में छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों को प्राथमिकता दी गई। कार्यक्रम में अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था), अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय), अपर पुलिस उपायुक्त (लाइन्स/अपराध) समेत सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं सैकड़ों पुलिसकर्मी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। हर थाने और कार्यालय में भी स्थानीय स्तर पर समानांतर कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित एक पेड़ माँ के नाम की थीम पर केंद्रित यह आयोजन सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं रहा, बल्कि तकनीकी दृष्टि से भी सशक्त था।

हर पौधे की जियो टैगिंग कर उसकी जानकारी वन विभाग के 'हरितिमा अमृत ऐपज पर अपलोड की गई, ताकि पौधों की निगरानी और संरक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी और प्रभावी बनी रहे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर गाजियाबाद प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सावन माह में होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर गाजियाबाद प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में सुपर जोनल, जोनल एवं सैक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ एक उच्चस्तरीय क्रियान्वयन बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य कांवड़ यात्रा को शांति, सुरक्षा और सुगमता से संपन्न कराना रहा। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी सैक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों का नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण करें और यात्रा मार्ग पर किसी भी प्रकार की समस्या, अव्यवस्था या असुविधा को नजरअंदाज न करें। डीएम ने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक प्रशासनिक चुनौती भी है, जिसे हम सभी को जनसहयोग से मिलकर पूरी संवेदनशीलता के साथ संपन्न कराना है। डीएम दीपक मीणा ने अधिकारियों से कहा कि निरीक्षण के दौरान वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों, दुकानदारों और आम नागरिकों से संवाद स्थापित करें। उन्हें न केवल सहयोग के लिए प्रेरित करें, बल्कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा और सतर्कता से जुड़े अहम बिंदुओं के प्रति जागरूक भी करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यदि किसी मजिस्ट्रेट को अपने क्षेत्र में किसी प्रकार की विभागीय समस्या दिखाई दे, तो वह उसे कांवड़ यात्रा संचालन हेतु बनाए गए आधिकारिक वाट्सएप समूह में तत्काल साझा करें, ताकि संबंधित विभाग बिना देरी के समस्या का समाधान कर सके। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि किसी अधिकारी द्वारा लापरवाही बरती गई या निदेशों की अवहेलना की गई।

# नगर निगम ने 30,000 पौधे लगाकर रचा रिकॉर्ड

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बुधवार को विजय नगर जोन अंतर्गत आयोजित विशाल पौधारोपण कार्यक्रम ने पूरे जनपद में हरियाली की नई अलख जगा दी है। रक्षा भूमि राइफल रेंज, विजयनगर पर 30,000 से अधिक पौधे रोपित कर 'मिनी फॉरेस्ट' की नींव रखी गई, जिसमें नगर निगम के अधिकारी, पार्षद, स्कूलों के छात्र, सामाजिक संस्थाएं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने 'एक पेड़ मां के नामज अभियान को नई ऊर्जा देते हुए उपस्थित जनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद हर वर्ष हरियाली के नए रिकॉर्ड बना रहा है। जो पौधे पिछले वर्ष लगाए गए थे, वे अब वृक्ष का रूप ले चुके हैं और 6 फीट से भी ऊंचे हो गए हैं, उन्होंने बताया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इसी प्रकार जन सहभागिता से कार्य होता रहा तो जल्द ही गाजियाबाद 'ग्रीन गाजियाबादज के नाम से जाना जाएगा। कार्यक्रम के दौरान महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने भी वृक्षारोपण में भाग लेते हुए लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। दोनों अधिकारियों ने संयुक्त रूप से पौधे लगाकर शहरवासियों को यह संदेश दिया कि पौधारोपण केवल सरकारी काम नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

# नगर निगम ने आयोजित किया पौधारोपण का भव्य कार्यक्रम, प्रमुख सचिव नगर विकास ने दिया पौधा लगाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद** नगर निगम द्वारा विजय नगर जोन अंतर्गत पौधा रोपण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया इसी क्रम में महापौर, नगर आयुक्त सहित पार्षदों तथा निगम अधिकारियों ने संयुक्त रूप से पौधे लगाए, रक्षा भूमि राइफल रैंज विजयनगर में लगभग 30000 से अधिक पौधे लगाए गए तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात उपस्थित रहे जिनके द्वारा उपस्थित जनों को अधिक से अधिक ग्रीनरी बढ़ाते हुए पौधारोपण करने के लिए मोटिवेट किया गया. प्रमुख सचिव नगर विकास द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत पिछले वर्ष लगाई गई पौधे अब वृक्ष का रूप ले चुके हैं लगभग 6 फीट से अधिक ऊंचे हो गए हैं उसको देखकर बहुत ही प्रसन्नता है गाजियाबाद ग्रीन गाजियाबाद की ओर अग्रसर हो रहा है यही मुहिम जारी रहेगी जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पौधारोपण मानसून के चलते अधिक से अधिक किया जाए अधिकारियों को मोटिवेट किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित होकर पार्षदों ने पौधारोपण में सहयोग किया, रक्षा भूमि राइफल विजयनगर पर भव्य पौधारोपण शीघ्र ही मिनी फॉरेस्ट का रूप लेगा जिससे पर्यावरण को काफी लाभ मिलेगा पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया गया। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा भी संयुक्त रूप से पौधारोपण अभियान में जुड़कर पौधे लगाए गए तथा शहर वासियों को पौधा लगाने के महत्व पर मोटिवेट किया गया कार्यक्रम में निगम अधिकारियों तथा पार्षदों द्वारा भी पौधारोपण किया गया कई स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भी पौधारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया तथा पौधे लगाए गई इस प्रकार कार्यक्रम स्थल पर लगभग 30000 से अधिक पौधे लगाए गए नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि मानसून के चलते 113000 लक्ष्य को पार करते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाएगा।



